दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 353

ग्वालियर, सोमवार 12 सितम्बर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

खास खबर

दिवंगत महारानी की वसीयत की जानकारी रखी जाएगी गोपनीय

लंदन। दुनिया की सबसे धनी महिलाओं में से एक मानी जाने वाली महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की संपत्ति की जानकारी अब तक गोपनीय है। इसलिए उनकी अंतिम वसीयत और वसीयतनामा से यह खुलासा होगा कि गुरुवार को स्कॉटलैंड में उनके निधन के बाद उनकी संपत्ति कैसे बांटी जाएगी। एक ब्रांड के रूप में ब्रिटिश राजशाही की संपत्ति का मूल्यांकन 2017 में एक मूल्यांकन कंपनी ब्रांड फाइनेंस द्वारा लगभग 88 अरब अमेरिकी डॉलर किया गया था, जिसमें निवेश, कला, गहने और अचल संपत्ति के रूप में महारानी की व्यक्तिगत संपत्ति लगभग 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर आंकी गई थी। ऐतिहासिक रूप से शाही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ-साथ महारानी की वसीयत गोपनीय रखी गई है। 2015 में दिवंगत महारानी की संपत्ति की गणना 34 करोड़ पाउंड आंकी गई थी, जिसमें धन का प्रमुख स्रोत डची ऑफ लैंकेस्टर था। यह ब्रिटिश शासक की निजी संपत्ति है, जो विशुद्ध रूप से उन्हें आय का एक स्रोत उपलब्ध कराती है।

कर्नाटक पुलिस ने मंत्री डेवलपर्स के एमडी और उनके बेटे को किया गिरफ्तार

बेंगलुरू। बेंगलुरू में अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने ग्राहकों से करोड़ों रुपए ठगने के आरोप में मंत्री डेवलपर्स समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सुशील मंत्री और उनके बेटे प्रतीक मंत्री को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सीआईडी सूत्रों ने कहा कि वे आगे की जांच के लिए आरोपियों की हिरासत की मांग के लिए सोमवार को अदालत में याचिका दायर करेंगे। सीआईडी के अतिरिक्त डीजीपी उमेश कुमार ने कहा कि धोखाधड़ी के मामले में व्यापक जांच की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, आरोपी ने बेंगलुरु में ग्राहकों से सस्ते दरों पर फ्लैट बनाने का वादा करते हुए 75 लाख रुपये से 2 करोड़ रुपये एकत्र किए थे। लेकिन अपना वादा नहीं निभाया। ग्राहकों ने 2019 में बेंगलुरु में मंत्री डेवलपर्स के खिलाफ कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन, सुब्रमण्यपुरा पुलिस स्टेशन और यशवंतपुर पुलिस थाने में 12 शिकायतें दर्ज कराईं। राज्य सरकार ने सीआईडी से मामले की जांच के आदेश दिए थे। अधिकारियों ने जमीन के दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने हाल ही में आरोपी सुशील मंत्री को गिरफ्तार किया था। उसे जल्द ही जमानत मिल गई और वह जेल से बाहर आ गया। उल्लेखनीय है कि मंत्री डेवलपर्स एक रियल एस्टेट कंपनी है, जो बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और पुणे में संपत्तियों पर निर्माण कार्य करती है।

मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कस्टम अधिकारियों ने 5.38 करोड़ का 12 किलो सोना ले जाते 6 यात्री पकड़े

मुंबई। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कस्टम अधिकारियों ने सोने की तस्करी के आरोप में 6 लोगों को पकड़ा है। इनके पास से 12 किलोग्राम सोना बरामद हुआ है, जिनकी कीमत 5.38 करोड़ रुपये बताई जा रही है। सोने की तस्करी के आरोप में एक सूडान का नागरिक भी शामिल है। अधिकारी ने कहा, ÷मुंबई एयरपोर्ट कस्टम्स के अधिकारियों ने सूडानी यात्री द्वारा पहने गई डिजाइनर बेल्ट से 5.38 करोड़ रुपये मूल्य का 12 किलोग्राम सोना जब्त किया। कुछ यात्रियों ने उसके भागने में मदद करने के लिए हंगामा किया, लेकिन वक्त रहते इस पर काबू पा लिया गया। हमने 6 लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारी ने बताया कि माल को गुप्त रूप से एयरपोर्ट से निकालने के इरादे से आरोपी ने रेड चैनल पर 12 किलो वजनी उक्त बरामद सोने को अधिकारियों के सामने पेश नहीं किया। अधिकारी ने कहा, ÷इसलिए, उस बरामद माल को सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 110 के तहत जब्त कर लिया गया। हमने इस संबंध में सोने की तस्करी का मामला दर्ज किया है।

जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक अनिश्चितता खत्म करने के लिए चुनाव जरूरी: उमर अब्दुल्ला

जम्मू। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि लोग जम्मू-कश्मीर में केंद्र के प्रशासन से तंग आ चुके हैं। उन्होंने क्षेत्र में राजनीतिक अनिश्चितता को खत्म करने के लिए जल्द विधानसभा चुनाव कराने का आह्वान किया। उमर ने जम्मू में आयोजित एक सम्मेलन में पिछले साल जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई बैठक का जिक्र करते हुए कहा ?कि जमीन पर कोई बदलाव नहीं हुआ। हमें उम्मीद थी कि स्थिति में सुधार होगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बजाय, भ्रम बढ़ गया है। आठ साल से अधिक समय से विधानसभा चुनाव नहीं हुआ है। उमर ने कहा कि केंद्र सरकार ने परिसीमन की कवायद पूरी होने के बाद विधानसभा चुनाव कराने का वादा किया था।

कांग्रेस ने देश के किसान और व्यापारियों के बर्बाद कर दिया : अमित शाह

अमरेली। गुजरात दौरे पर पहुंचे केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अमरेली में कांग्रेस पर कड़े प्रहार किए अमरेली में आयोजित अमर डेयरी के समृद्धि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों और व्यापारियों को बर्बाद कर रख दिया है उन्होंने कहा कि मैं देशभर में घूमता हूं और 2014 से देशभर के 591 जिलों का भ्रमण कर चुका है आज यहां प्रमाण पत्र देता हूं कि जिले की। मुख्य सहकारी संस्थाओं की सामान्य सभा मैंने नहीं देखी इसके लिए मैं प्रत्येक का अभिनंदन करता हूं अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकार से समृद्धि का नया कन्सेप्ट देश के समक्ष पेश किया है मोदी सरकार ने किसानों के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं मोदी सरकार द्वारा शहद उत्पादन के लिए अनेक योजनाएं शुरू की है, नतीजा यह है कि आज दुनिया में शहद उत्पादन में भारत अग्रसर है इसके अलावा नरेन्द्र मोदी सरकार ने प्राकृतिक कृषि पर भी जोर दिया है इतना नहीं सभी वस्तुओं का डिजिटलाइजेशन किया है ज्यादातर काम ऑनलाइन हों ऐसी व्यवस्था भी की है केन्द्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि सौराष्ट्र की डेयरियों में घोटाले कर कांग्रेस ने ताले लगा दिए थे तत्कालीन मुख्यमंत्री और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सौराष्ट्र के डेयरियों का फंड दोबारा शुरू करवाया, नतीजतन आज सभी डेयरी सफलता से चल रही है।

राजस्थान में भाजपा सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगी विधानसभा चुनाव: शाह

जयपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा 2023 में होने वाला राजस्थान विधानसभा चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगी। किसी को नेता घोषित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे और नाम पर लड़ा जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दो दिन की प्रदेश यात्रा में साफ संकेत दिए कि विधानसभा चुनाव अभियान की कमान राष्ट्रीय नेतृत्व के पास ही रहने वाली है। पहले जैसलमेर और फिर जोधपुर में उन्होंने गुटों में बंटे नेताओं को साफ संदेश दिया कि उन्हे मिलकर चुनाव लड़ना होगा। प्रदेश के किसी एक नेता को चुनाव की कमान नहीं सौंपी जाएगी, सब मिलकर काम करेंगे। शाह ने मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं घोषित किया, लेकिन चुनावी मुद्दों की तरफ इशारा कर दिया। उन्होंने नेताओं से कहा, कार्यकर्ता सर्वोपरि है, इसलिए उनका सम्मान जरूरी है। शाह की मौजूदगी में एक-दूसरे के कट्टर विरोधी केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने एक-दूसरे की प्रशंसा की। हालांकि इस दौरान वसुंधरा ने प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया पर तंज कसते हुए कहा, प्रेस कांफ्रेंस से नहीं पब्लिक कांफ्रेंस से चुनाव जीता जा सकेगा।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की बयानबाजी झूठी और हास्यास्पद : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्य में कानून व्यवस्था व अन्य मुद्दों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधे जाने के बाद उनकी बयानबाजी को झूठ व हास्यास्पद बताया। गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' को मिले जन समर्थन से भाजपा बौखला गई है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री शाह शनिवार को गहलोत के गृह नगर जोधपुर में थे। जहां उन्होंने भाजपा बूथ अध्यक्षों के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुस्लिम चरमपंथियों द्वारा उदयपुर के दर्जी कन्हैया लाल की हत्या और करौली हिंसा को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस केवल वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति कर सकती है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव में कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकने को कहा। गहलोत ने देर शाम जारी बयान में कहा यह बेहद आश्चर्य की बात है कि आज जोधपुर में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जो बयान दिए हैं वो तथ्यात्मक रूप से गलत हैं।

कारोबारी के घर 5 बक्सों में मिले 17 करोड़ नगदी की गिनती के लिए ईडी ने में 8 मशीनें लगाई

कोलकाता। कोलकाता में एक कारोबारी के घर से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने शनिवार को भारी मात्रा में जब्त नकदी गिनने के लिए 18 काउंटिंग मशीन लगाई गई और इस काम को करने में 16 घंटे का समय लगा। इस दौरान ईडी ने आमिर खान के गार्डन रीच आवास से 17 करोड़ रुपये से अधिक की राशि बरामद की। केंद्रीय जांच एजेंसी को मौके पर 10 ट्रंक भी मिले। हालांकि, कैश सिर्फ पांच ट्रंकों ही मिले। जांच एजेंसी ने शनिवार सुबह तलाशी शुरू की और नकदी की गिनती देर रात तक चलती रही। ईडी की तलाशी टीम के साथ बैंक अधिकारी और केंद्रीय बल भी थे। सूत्रों ने कहा कि 500 रुपये के नोट सबसे अधिक थे। छापे के दौरान 2,000 रुपये और 200 रुपये के नोट भी भरमार हुए। आपको बता दें कि छापेमारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत की गई थी। फेडरल बैंक के अधिकारियों द्वारा मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में दायर एक शिकायत के आधार पर आमिर खान और अन्य के खिलाफ पिछले साल 15 फरवरी को कोलकाता के पार्क स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज किया गया था।

राजस्थान में कार-ट्रक भिड़त, गुजरात के 4 लोगों की मौत, केवल 8 वर्षीय बालक सुरक्षित

बाड़मेर। राजस्थान के बाड़मेर जिले में एक भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा यहां के सिणधरी थाना इलाके में मेगा हाईवे पर हुआ। इस सड़क हादसे में कार में सवार एक ही परिवार की 3 महिलाओं सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में मारे गये सभी लोग गुजरात के रहने वाले थे। वे बाड़मेर में जसोल राणी भटियाणी के दर्शन कर वापस गुजरात जा रहे थे। इसी दौरान हादसा उनकी कार की एक ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में 3 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई और एक युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में एक 8 वर्षीय मासूम की जिंदगी बची है। पुलिस के अनुसार यह हादसा बाड़मेर जिले के सिणधरी और आरजीटी थाना इलाके की सरहद पर शनिवार को हुआ। उस दौरान एक कार में गुजरात के धानेरा निवासी पांच लोग जसोल राणी भटियाणी माता के दर्शन के लिए कार से आए हुए थे। वे दर्शन कर वापस लौट रहे थे उसी दौरान उनकी कार की सामने से आ रहे ट्रक से जबर्दस्त टक्कर हो गई। भिड़ंत होते ही तेज धमाके के साथ कार कबाड़ में तब्दील हो गई। हादसे की जानकारी के बाद आरजीटी और सिणधरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में कार सवार द्रौपदी बहन पत्नी हथी भाई, कमला देवी और मनीषा की मौके पर ही मौत हो गई और राजेश माहेश्वरी तथा आठ वर्षीय एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने तत्काल घायलों और मृतकों के शवों को गुडामालानी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां इलाके के दौरान राजेश महेश्वरी ने भी दम तोड़ दिया। हादसे में घायल हुए मनीषा के 8 वर्षीय पुत्र मोंटू कुमार की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।



देश की चार प्रमुख पीठों में ज्योतिष और द्वारकाशारदा पीठ के थे शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का निधन

झोतेश्वर धाम में ली अंतिम सांस, आज नरसिंहपुर के परमहंसी गंगा आश्रम में दी जाएगी समाधि

नरसिंहपुर। शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का निधन हो गया। मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर के झोतेश्वर मंदिर में उन्होंने अंतिम सांस ली। वह 99 साल के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के झोतेश्वर स्थित परमहंसी गंगा आश्रम में दोपहर साढ़े 3 बजे अंतिम सांस ली। हाल ही में 3 सितंबर को उन्होंने अपना 99वां जन्मदिन मनाया था। वह द्वारका की शारदा पीठ और ज्योतिर्मठ बद्रीनाथ के शंकराचार्य थे। शंकराचार्य ने राम मंदिर निर्माण के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। आजादी के आंदोलन में भी भाग लिया। स्वरूपानंद सरस्वती को हिंदुओं का सबसे बड़ा धर्मगुरु माना जाता था। अंतिम समय में शंकराचार्य के अनुयायी और शिष्य उनके समीप थे। उनके बृह्मलीन होने की सूचना के बाद आसपास के क्षेत्रों से भक्तों की भीड़ आश्रम की ओर पहुंचने लगी है। शंकराचार्य के शिष्य ब्रह्म विद्यानंद ने बताया- स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती को सोमवार को शाम 5 बजे परमहंसी गंगा आश्रम में समाधि दी जाएगी।

तीज पर मनाया था जन्मदिन

जगद्गुरु शंकराचार्य श्री स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती दो मठों (द्वारका एवं ज्योतिर्मठ) के शंकराचार्य हैं। स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का जन्म सिवनी जिले में जबलपुर के पास दिघोरी गांव में ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके माता-पिता ने इनका नाम पोथीराम उपाध्याय रखा था। महज 9 साल की उम्र में उन्होंने घर छोड़ धर्म की यात्रा शुरू कर दी थी। इस दौरान वो उत्तर प्रदेश के काशी भी पहुंचे और यहां उन्होंने ब्रह्मलीन श्री स्वामी करपात्री महाराज वेद-वेदांग, शास्त्रों की शिक्षा ली। साल 1942 के इस दौर में वो महज 19 साल की उम्र में क्रांतिकारी साधु के रूप में प्रसिद्ध हुए थे, क्योंकि उस समय देश में अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई चल रही थी। जगतगुरु शंकराचार्य का 99वां जन्मदिन हरियाली तीज के दिन मनाया था।

दिघोरी गांव में हुआ था जन्म

स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का जन्म मध्यप्रदेश राज्य के सिवनी जिले में जबलपुर के पास दिघोरी गांव में ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके माता-पिता ने इनका नाम पोथीराम उपाध्याय रखा था।

एक सो 12 करोड़ की नवीन सड़क का हुआ भूमिपूजन

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

भितरवार। केंद्रीय मंत्री एवं परिवार के मुखिया श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी की लखेश्वरी माता मंदिर पर बड़ी सभा का आयोजन किया गया! जो की विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या देवरीकांछा तिराहे से बाया रानीघाटी,मोहना रोड लागत एक सो 12करोड़ की नवीन सड़क का भुमिपूजन किया! इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्री मोहन सिंह राठौर जी एवं समस्त नेता कार्यकर्ता गण, एवं वरिष्ठ अधिकारीगण सम्मिलित है हजारों की तादाद में आकर अपने नेता श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी को सुना और भितरवार विधानसभा क्षेत्र के लिए आगामी विकास की गंगा की शुरुआत के भागीदार बने अंत में जनसेवा मोहन सिंह राठौर ने सभी का आभार व्यक्त किया

पाकिस्तान में बाढ़ की विनाशलीला देख यूएन प्रमुख गुतारेस हुए परेशान

बोले- ऐसा जलवायु नरसंहार कभी नहीं देखा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान इन दिनों मूसलाधार बारिश और बाढ़ के प्रकोप से जूझ रहा है। बाढ़ से मची भीषण तबाही को देखकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस भी हतप्रभ रह गए। गुतारेस ने कहा कि उन्होंने इस तरह के बड़े पैमाने पर जलवायु नरसंहार कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा, मैंने दुनिया में कई मानवीय आपदाएं देखी हैं, लेकिन कभी भी पाकिस्तान की इस बाढ़ जैसा जलवायु नरसंहार नहीं देखा। मैंने आज जो देखा है उसे बताने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बलूचिस्तान और सिंध के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करने के दौरान गुतारेस को बाढ़ से हुई तबाही के बारे में जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने बाढ़ से हुए विनाश को अकल्पनीय बताया। गुतारेस ने पाकिस्तान की मदद के लिए अंतराष्ट्रीय समुदाय से कदम उठाने की अपील की। उन्होंने स्वीकार किया कि इस देश में संयुक्त राष्ट्र जो कुछ कर रहा है, वह जरूरत का महज एक छोटा हिस्सा भर है। बाढ़ से हुए नुकसान पर गंभीर चर्चा करने की जरूरत है। यूएन प्रमुख ने सिंध प्रांत के लरकाना में विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के साथ बाढ़ राहत शिविरों का दौरा किया। उन्हें अधिकारियों ने मोहनजोदड़ो में संयुक्त राष्ट्र के धरोहर स्थलों की स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, हम अपनी सीमित क्षमता और अपने संसाधनों से अवगत हैं। लेकिन आपको इस बारे में अवश्य ही आश्वस्त होना होगा कि पाकिस्तान के लोगों के साथ हम पूरी तरह से एकजुट हैं।

1 लाख 72 हजार लोगों को पुजारी का प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराएगी सरकार

- विश्व हिंदू परिषद जैसी धार्मिक संस्थाएं देंगी प्रशिक्षण
- प्रशिक्षण का खर्च सरकार उठाएगी

नई दिल्ली। कौशल विकास मंत्रालय, पुजारियों और कर्मकांड के कोर्स का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने की योजना शुरू करने जा रही है। अगले डेढ़ वर्ष में ग्रह पूजा, शादी, मुंडन, श्राद्ध, जैसे संस्कार के लिए मंत्र और पूजा पद्धति इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। हिंदू संस्कारों के अनुसार पित्र पक्ष में तर्पण, कथावाचक के रूप में गरुड़ पुराण, भागवत, सत्यनारायण पूजा, वैदिक मंत्रों, ज्योतिष गणना,स्थानीय रीति-रिवाजों के अनुसार संस्कारों का प्रशिक्षण देकर 172000 प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार से जोड़ा जाएगा।

कौशल विकास मंत्रालय ने 3 माह और 6 माह के दो कोर्स तैयार किए हैं। इन कोर्स को कराने के लिए विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य हिंदू संस्थाएं प्रशिक्षण देकर, इन लोगों को रोजगार के लिए तैयार करेंगी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कौशल विकास मंत्रालय ने गुजरात, छत्तीसगढ़, बिहार, मध्य प्रदेश, इत्यादि राज्यों में रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 76000 रजिस्ट्रेशन होने की जानकारी सूत्रों द्वारा दी गई है। भारत में पुजारियों का ट्रेनिंग कोर्स पहली बार शुरू हो रहा है। इसकी अवधि 6 माह की होगी। हिंदी भाषी राज्यों में 3 माह की ट्रेनिंग होगी। इसमें कर्मकांड से संबंधित श्लोक मंत्र, और पूजा इत्यादि करना सिखाया जाएगा। दक्षिण भारतीय राज्यों मैं भाषा सीखने के लिए 3 माह का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों को ऑनलाइन पूजा पाठ संपन्न कराने का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया कौशल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू कर दी गई है। यह कोर्स कब से शुरू होंगे। अभी इस संबंध में कोई अंतिम तारीख तय नहीं की गई है। सरकार का मानना है कि इससे 172000 लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रशिक्षण लेकर ऑनलाइन सेवाएं दी जा सकेंगी। कर्मकांड और धर्म ध्यान कराने के लिए अब पुजारियों की कमी नहीं होगी। प्रशिक्षित पुजारी धार्मिक तौर तरीके से सभी अनुष्ठान विधि विधान से करा सकेंगे।

न्यूज़ ट्रैक....

स्वियाटेक ने अमेरिकी ओपन के साथ ही तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता

न्यूयार्क । पोलैंड की इगा स्वियाटेक ने अमेरिकी ओपन टेनिस के महिला एकल का खिताब जीता है। स्वियाटेक ने फाइनल मुकाबले में ट्यूनीशिया की ओन्स जाबूर को सीधे सेटों में 6-2, 7-6 से हराया। स्वियाटेक ने अपने करियर में तीसरी बार कोई ग्रैंड स्लैम खिताब जीता है। स्वियाटेक ने इससे पहले दो बार फ्रेंच ओपन का खिताब भी जीता था। स्वियाटेक पोलैंड की ओर ग्रैंड स्लैम जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं। उनके पिता टॉमस ओलेग्रिक रोवर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जाबूर अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी खिलाड़ी हैं। वहीं दूसरी ओर ब्रिटेन के जो सैलिसबरी और अमेरिका के राजीव राम की जोड़ी ने सीधे सेटों में जीत हासिल कर लगातार दूसरी बार पुरुष युगल का खिताब जीता। सैलिसबरी और राम की जोड़ी ने खिताबी मुकाबले में वेस्ले कूलहोफ और नील स्कूप्स्की की जोड़ी को 7-6, 7-5 से हराया।

अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल खिताब के लिए भिड़ेंगे रुड और अल्काराज

न्यूयॉर्क । अमेरिकी ओपन टेनिस के पुरुष एकल का खिताबी मुकाबल नार्वे के कैस्पर रूड और कार्लोस अल्काराज के बीच होगा। इससे पहले अल्काराज ने पांच सेट तक चले कड़े सेमीफाइनल मुकाबले में अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो को 6-7 (6), 6-3, 6-1, 6-7 (5), 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनायी। टियाफो ने मुकाबले के दौरान कई सहज गलतियां की जिसका तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज को पूरा लाभ मिला। वहीं एक अन्य सेमीफाइनल में रूड ने रूस के करेन खाचानोव को 7-6 (5), 6-2, 5-7, 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। रूड ने वर्ष में दूसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले जून में वह फ्रेंच ओपन के फाइनल में फाइनल में पहुंचे थे हालांकि वहां होने स्पेन के राफेल नडाल के हाथों हार का सामना करना पड़ा। रुड ने कहा, '' मैं वास्तव में बहुत खुश था पर साथ ही यह भी सोच रहा था कि यह मेरे कैरियर का एकमात्र ग्रैंड स्लैम फाइनल भी हो सकता है।'' वहीं अल्काराज को सेमीफाइनल में पांच सेट तक संघर्ष करना पड़ा पर वह उत्साहित बने रहे। उन्होंने टियाफो के खिलाफ अहम अवसरों पर अंक अंक हासिल कर अमेरिकी खिलाड़ी को कोई अवसर नहीं दिया।

जसप्रीत बुमराह, हर्षल पटेल और रवींद्र जडेजा के चोटिल होने से टीम को हुई दिक्कतें

नई दिल्ली । भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज़ सबा करीम को लगता है, कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, हर्षल पटेल और आलराउंडर रवींद्र जडेजा की चोट के कारण भारतीय टीम को एशिया कप में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एशिया कप के लिए रवाना होने से पहले, बुमराह और हर्षल चोटों के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। सुपर फोर चरण की शुरूआत से पहले, जडेजा घुटने की चोट के कारण बाहर हो गए थे। उसी के लिए उनकी सर्जरी हुई थी, जिससे उन्हें अक्टूबर-नवंबर में टी20 विश्व कप के लिए चयन से बाहर कर दिया गया था। करीम ने कहा हां, मैं भी काफी हैरान था क्योंकि मैंने सोचा था कि एशिया कप में जाने से पहले, भारत ने अपने संयोजन को सुलझा लिया है। लेकिन मैं समझ सकता हूं कि बुमराह, हर्षल पटेल और फिर हाल ही में रवींद्र जडेजा की चोट के कारण वे कड़ी मेहनत कर रहे थे।

टी20 वर्ल्ड कप में रोहित बन सकते हैं नए 'सिक्सर किंग' विराट भी ज्यादा पीछे नहीं

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के वर्तमान कप्तान रोहित शर्मा सन 2007 के टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ पहली बार हिस्सा लिया था। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने फाइनल ओवर में पाकिस्तान को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया था। साल 2022 में स्थितियां काफी कुछ बदल चुकी हैं, रोहित अब एक बेहद सफल कप्तान के रूप में टीम का हिस्सा हैं और बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं, माना जा रहा है कि इस बार भी रोहित अपने बल्ले से धमाल मचा सकते हैं।

इस वैश्विक मुकाबले में रोहित को पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को पीछे छोड़ने का मौका मिलने वाला है। रोहित टी20 वर्ल्ड कप में तीन छक्के जड़ते ही युवी से आगे निकल जाएंगे। युवराज टी20 वर्ल्ड कप में 33 छक्के जड़ चुके हैं। यह किसी भारतीय द्वारा छक्के मारने का सर्वाधिक रिकार्ड है।

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली भी युवराज सिंह से ज्यादा पीछे नहीं हैं। विराट कोहली टी20 वर्ल्ड कप में अभी तक कुल 20 छक्के जड़ चुके हैं। विराट ने हाल में एशिया कप सुपर फोर में अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद सेंचुरी जड़कर फॉर्म में वापसी के संकेत दे दिए हैं। विराट ऑस्ट्रेलिया में युवराज के इस रिकॉर्ड को या तो तोड़ सकते हैं या उनके बेहद नजदीक पहुंच सकते हैं।

श्रीलंका के पूर्व कप्तान माहेला जयवर्धने टी20 वर्ल्ड कप में वापसी के संकेत दे दिए हैं। विराट ऑस्ट्रेलिया में युवराज के इस रिकॉर्ड को या तो तोड़ सकते हैं या उनके बेहद नजदीक पहुंच सकते हैं।

श्रीलंका के पूर्व कप्तान माहेला जयवर्धने टी20 वर्ल्ड कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में टॉप पर हैं। जयवर्धने के नाम 31 मैचों में 1016 रन दर्ज हैं। दाएं हाथ के दिग्गज बल्लेबाज माहेला जयवर्धने ने साल 2007 से 2014 तक के टी20 विश्व कप में हिस्सा लिया। उनके नाम एक शतक और छह अर्धशतक दर्ज हैं। इस दौरान जयवर्धने का स्ट्राइक रेट 134 से ज्यादा का रहा। माहेला जयवर्धने ने 2014 टी20 वर्ल्ड कप के बाद संन्यास ले लिया था। हालांकि उनका यह रिकॉर्ड अभी भी अटूट है। आगामी वर्ल्ड कप में जयवर्धने के इस रिकॉर्ड को कई बल्लेबाज तोड़ सकते हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर क्रिस गेल हैं, जबकि तीसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। गेल के नाम 965 रन दर्ज है, जबकि रोहित शर्मा 847 रन जुटा चुके हैं। विराट कोहली के नाम 845 रन दर्ज है वहीं डेविड वॉर्नर 762 रन बना चुके हैं। श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा टी20 वर्ल्डकप में बतौर पेसर 38 विकेट ले चुके हैं। यह क्रिकेट के छोटे फॉर्मेट के वर्ल्ड कप में किसी पेसर का सर्वाधिक विकेट है। मलिंगा ने 31 मैचों में 7.43 की इकोनॉमी से ये विकेट लिए हैं। उन्होंने साल 2007 से 2014 तक श्रीलंका के लिए टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के पास लसिथ मलिंगा के रिकॉर्ड को तोड़ने का सुनहरा मौका है। स्टार्क को मलिंगा को पीछे छोड़ने के लिए 15 विकेट की जरूर है। उन्होंने अभी तक कुल 24 विकेट निकाले हैं। न्यूजीलैंड के अनुभवी पेसर टिम साउदी 22 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं। मिचेल स्टार्क साल 2015 और 2019 के वनडे वर्ल्ड कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। श्रीलंका के दिग्गज ओपनर तिलकरत्ने दिलशान के नाम टी20 वर्ल्ड कप में सर्वाधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड है।

दिलशान ने 2007 से लेकर 2016 तक 35 मैच खेले। वह अभी भी अपने इस रिकॉर्ड को कायम रखे हुए हैं। दिलशान के इस रिकॉर्ड को पाकिस्तान के अनुभवी शोएब मलिक तोड़ सकते हैं। शोएब मलिक टी20 वर्ल्ड कप में 34 मुकाबले खेल चुके हैं। उन्हें दिलशान को पीछे छोड़ने के लिए सिर्फ दो मैच की जरूरत है। शोएब मलिक को यदि पाकिस्तान की टी20 वर्ल्ड कप टीम में चुना जाता है तो, निश्चिततौर पर वह तिलकरत्ने दिलशान से आगे निकल जाएंगे। लेकिन सबसे बड़ा सवाल उनके चयन को लेकर है। इस दौड़ में भारत के कप्तान रोहित शर्मा और विंडीज के पावर हिटर क्रिस गेल शामिल हैं जिन्होंने एक समान 33 मैच खेले हैं।

श्रीलंकाई दिग्गज माहेला जयवर्धने के नाम टी20 वर्ल्ड कप में सर्वाधिक रन बनाने के साथ साथ सबसे ज्यादा चौके उड़ाने का भी रिकॉर्ड है। जयवर्धने 31 मैचों में 111 चौके जड़ चुके हैं। पिछले सात साल से जयवर्धने का यह रिकॉर्ड अटूट है। माहेला जयवर्धने के इस रिकॉर्ड को कई बल्लेबाज तोड़ सकते हैं। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम रोहित शर्मा का है जिन्होंने अभी तक गेंद को 80 बार बाउंड्री के पार भेजा है वहीं डेविड वॉर्नर भी टी20 वर्ल्ड कप में 80 चौके जड़ चुके हैं। क्रिस गेल और विराट कोहली के नाम 78-78 छक्के दर्ज हैं।

एशिया कप 2022 के बाद आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमों की मेजबानी करेगा भारत

नई दिल्ली । एशिया कप 2022 में निराशाजक प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम के पास टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिए कुछ ही मैच बाकी बचे हैं। कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ पर जल्द से जल्द बेस्ट टीम गठित करने का दबाव है। कई स्टार खिलाड़ियों की चोट से परेशान टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप 2022 से पहले ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की मेजबानी करेगी, इस दौरान भारतीय स्क्वॉड लगभग तय हो जाएगा। इस बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट से पहले ऑस्ट्रेलियाई कंडीशन में ढलने के लिए टीम इंडिया को दो वॉर्म अप मैच भी खेलने का मौका मिलेगा। भारतीय टीम ने अभी तक न तो ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया है और न टी20 वर्ल्ड कप के लिए, मगर माना जा रहा है कि जिन खिलाड़ियों को भारत ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ स्क्वॉड में जगह देगा, वही खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरेंगे। भारत को टी20 वर्ल्ड कप से पहले 15 दिन के अंदर 6 टी20 मुकाबले खेलने है। ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे के आगाज 20 सितंबर को मोहाली में खेले जाने वाले पहले मुकाबले से होगा। इसके बाद दोनों टीमों की भिड़ंत 23 और 25 सितंबर को क्रमशः नागपुर और हैदराबाद में होगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की टी20 सीरीज खेलने के तुरंत बाद भारत को साउथ अफ्रीका की भी मेजबानी करनी है। साउथ अफ्रीका के भारत दौरे का आगाज 28 सितंबर से होगा। सीरीज का पहला मैच तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। वहीं 2 और 4 अक्टूबर को खेले जाने वाले अन्य दो मुकाबले कमशः गुवहाटी और इंदौर में होंगे। साउथ अफ्रीका को भारत दौरे पर टी20 सीरीज के अलावा तीन मैच की वनडे सीरीज भी खेलनी है।

ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे का शेड्यूल

20 सितंबर - पहला टी20, पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन आईएस बिंद्रा स्टेडियम, मोहाली

23 सितंबर - दूसरा टी20, विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, नागपुर

25 सितंबर - तीसरा टी20, राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम, हैदराबाद

साउथ अफ्रीका के भारत दौरे का शेड्यूल

28 सितंबर - पहला टी20, ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम, तिरुवनंतपुरम

2 अक्टूबर - दूसरा टी20, बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम, गुवाहाटी

4 अक्टूबर - तीसरा टी20, होल्कर क्रिकेट स्टेडियम, इंदौर

6 अक्टूबर - पहला वनडे, भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ

9 अक्टूबर - दूसरा वनडे, छत्रपति शिवाजी इंटरनेशनल स्टेडियम कॉमप्लेक्स, रांची

11 अक्टूबर - तीसरा वनडे, अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप वॉर्म-अप मैच

17 अक्टूबर - भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया

19 अक्टूबर - भारत बनाम न्यूजीलैंड

बुमराह और हर्षल की टी20 विश्वकप के लिए वापसी होगी

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के लिए राहत की बात है। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और युवा खिलाड़ी हर्षल पटेल अपनी-अपनी चोट से उबर गये हैं। ये दोनो ही टीम इंडिया में वापसी के लिए तैयार हैं हालांकि इन दोनो को पहले एक फिटनेस टेस्ट पास करना होगा। बुमराह और हर्षल ने बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में गेंदबाजी अभ्यास भी शुरू कर दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार अब दोनो ही पूरी तरह फिट हैं। बुमराह की पीठ में दर्द। वहीं हर्षल पसली में चोट के कारण टीम से बाहर थे।

भारतीय टीम एशिया कप में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह और आवेश खान के साथ उतरी थी। इसमें आवेश का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इसके अलावा वह फिट भी नहीं हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि आवेश को विश्व कप के लिए टीम में जगह नहीं मिलेगी। वहीं स्पिनर के तौर पर रवि बिश्नोई का प्रदर्शन एशिया कप में अच्छा रहा था। ऐसे में उन्हें टीम में जगह मिल सकती है हालांकि अंतिम फैसला टीम मैनेजमेंट से बातचीत के बाद ही होगा। 15 सितंबर को टी20 विश्व कप टीम के लिए चयन समिति की बैठक होगी। जडेजा के घुटने की सर्जरी के कारण पहले ही विश्व कप से बाहर हो गये हैं। ऐसे में उनकी जगह अक्षर पटेल का स्पिन ऑलराउंडर के तौर पर खेलना तय माना जा रहा है।

न्यूयार्क में अमेरिकी ओपन टेनिस में जॉन फ्रेंड्स व स्टार्म सेंडर्स युगल खिताब के साथ उत्साहित नजर आये।

व्यापारन्यूज

चांदी 2818 रुपए तेज, सोना फिसला

मुंबई । विदेशी बाजारों की तेजी से समर्थन पाकर बीते सप्ताह घरेलू सर्राफा बाजार में चांदी में 2818 रुपए प्रति किलोग्राम की तेजी रही, वही मांग फिसलने से सोना 87 रुपए प्रति दस ग्राम की मामूली गिरावट पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में गिरावट का रुख रहा। सोना हाजिर 6.19 डॉलर प्रति औंस मजबूत होकर सप्ताहांत पर 1716.99 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। अमेरिकी सोना वायदा भी 1.65 डॉलर प्रति औंस की तेजी लेकर 1712.80 डॉलर प्रति औंस हो गया। इसी तरह सप्ताहांत पर चांदी हाजिर 0.71 डॉलर प्रति औंस की बढ़त के साथ 18.74 डॉलर प्रति औंस रही।

चेन्नई-बेंगलुरु के बीच नियमित उड़ान शुरू

नई दिल्ली । अकासा एयरलाइन ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई से उड़ानों का संचालन शुरू कर दिया है। कंपनी के नेटवर्क में यह पांचवां शहर है। अकासा एयर की चेन्नई से पहली कमर्शियल उड़ान बेंगलुरु तक होगी और दोनों शहरों के बीच प्रत्येक दिशा में दो दैनिक उड़ानों का संचालन किया जाएगा। एयरलाइन चेन्नई में अपने परिचालन को बढ़ाते हुए 15 सितंबर से चेन्नई-मुंबई मार्ग पर विमान सेवा शुरू करेगी। इसके साथ ही एयरलाइन ने 26 सितंबर को चेन्नई- बेंगलुरु मार्ग पर एक अतिरिक्त विमान सेवा और चेन्नई-कोच्चि मार्ग पर उड़ान शुरू करने का फैसला किया है।अकासा एयर के सह संस्थापक ने मीडिया से कहा कि हमने चेन्नई से कमर्शियल उड़ानों की शुरुआत के साथ आज एक नया मुकाम हासिल किया है, यह हमारे नेटवर्क का पांचवां शहर है। आज से हम इस नए मार्ग पर प्रत्येक दिशा में दो दैनिक सेवाए प्रदान करेंगे।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली । सरकारी तेल कंपनियों ने रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यूपी की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए लीटर और डीजल 89.76 रुपए लीटर बिक रहा है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल के भाव 107.47 रुपए लीटर और डीजल 94.25 रुपए पर चल रहे है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए ।

सेंसेक्स की दस में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.33 लाख करोड़ बढ़ा

सबसे अधिक मुनाफे में टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस रही

मुंबई । बीते सप्ताह सेंसेक्स की दस में से सात प्रमुख कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1,33,746.87 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 32,071.59 करोड़ रुपए बढ़कर 11,77,226.60 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में 26,249.1 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 17,37,717.68 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 24,804.5 करोड़ रुपए बढ़कर 6,36,143.85 करोड़ रुपए पर और आईसीआईसीआई बैंक की 20,471.04 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 6,27,823.56 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 15,171.84 करोड़ रुपए बढ़कर 4,93,932.64 करोड़ रुपए पर और अडानी ट्रांसमिशन का 7,730.36 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 4,38,572.68 करोड़ रुपए रहा। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 7,248.44 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 8,33,854.18 करोड़ रुपए रही। इस रुख के विपरीत हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 3,618.37 करोड़ रुपए घटकर 6,08,074.22 करोड़ रुपए पर आ गया। एचडीएफसी के मूल्यांकन में 2,551.25 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 4,41,501.59 करोड़ रुपए रह गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 432.88 करोड़ रुपए घटकर 4,34,913.12 करोड़ रुपए रह गई। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एसबीआई, एचडीएफसी, अडाणी ट्रांसमिशन और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

इस सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजारों की चाल

नई दिल्ली । भारतीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह कई वृहद आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं तथा वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इस सप्ताह सोमवार को जुलाई के औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़े आने वाले हैं। वहीं बुधवार को थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े आएंगे। बाजार के जानकारों ने कहा ?कि इस सप्ताह बाजार की दिशा वैश्विक बाजारों के रुझान के अलावा कुछ महत्वपूर्ण वृहद आर्थिक आंकड़े तय करेंगे। सप्ताह के दौरान मुद्रास्फीति के अलावा विनिर्माण और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े आने हैं। इसके अलावा विदेशी कोषों का प्रवाह और डॉलर के मुकाबले रुपए का उतार-चढ़ाव भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। बाजार के एक अन्य जानकार कहते हैं ?कि वैश्विक बाजारों को बेसब्री से अमेरिका के मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार है। इन आंकड़ों पर सभी की निगाह रहेगी, क्योंकि इसके आधार पर ही पता चलेगा कि फेडरल रिजर्व का आगे का रुख क्या रहता है। कच्चे तेल की कीमतों का उतार-चढ़ाव और डॉलर के मुकाबले रुपए का रुख बाजार की धारणा को प्रभावित करेगा। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 989.81 अंक लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 293.90 अंक 1.67 प्रतिशत चढ़ गया। बाजार के जानकारों का मानना है कि बाजारों में अभी तेजी का रुख जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बाजार में अभी व्यापक रूप से लिवाली का रुझान दिख रहा है।

एफआईआई ने निवेश जारी रखा तो जल्द नई ऊंचाई पर पहुंचेंगे शेयर बाजार

मुंबई । वैश्विक स्तर पर महंगाई पर काबू पाने के लिए ब्याज दरों में हो रही बढ़ोतरी के दबाव के बावजूद विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की जोरदार लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में कमी की बदौलत बीते सप्ताह 1.7 प्रतिशत की छलांग लगा चुके घरेलू शेयर बाजार में यदि एफआईआई का निवेश जारी रहा तो सेंसेक्स और निफ्टी जल्द ही नई ऊंचाई को छूएंगे। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेद सूचकांक सेंसेक्स 989.81 अंक की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 59793.14 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 293.9 अंक की तेजी के साथ 17833.35 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई की दग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 473.31 मजबूत होकर सप्ताहांत पर 25937.22 अंक और स्मॉलकैप 727.92 अंक चढ़कर 29528.74 अंक हो गया। आधिकारिक स्रोतों से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार बीते सप्ताह एफआईआई ने बाजार में कुल 6948.41 करोड़ रुपए की शुद्ध लिवाली की लेकिन सोमवार को वह 811.75करोड़रुपए के बिकवाल भी रहे, जिससे इनका शुद्ध निवेश 6136.66 करोड़ रुपए रहा। इसी तरह सितंबर माह में अब तक वे 3837.56 करोड़ रुपए की शुद्ध लिवाली कर चुके हैं, वहीं घरेलू संस्थागत निवेशक 69.71 करोड़ रुपए के बिकवाल रहे हैं। इस वर्ष पिछले छह महीने के बाद अगस्त में शुरू हुई एफआईआई की लिवाली लगातार जारी है। इस महीने एफआईआई ने बाजार में 22025.62 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया जबकि घरेलू निवेशकों ने 7068.63 करोड़ रुपए की बिकवाली की थी। ऐसे में विश्लेषकों का मानना है कि यदि एफआईआई और विदेशी पोटफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का बाजार में निवेश लगातार जारी रहा तो जल्द ही सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाई को छूने में कामयाब हो जाएंगे। इसके अलावा अगले सप्ताह अगस्त की खुदरा और थोक महंगाई तथा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी जारी होने वाले हैं। जुलाई में खुदरा महंगाई घटकर 6.71 प्रतिशत और थोक महंगाई भी कम होकर 13.93 प्रतिशत रह गई थी। यदि इस बार भी महंगाई दर में गिरावट आई तो बाजार पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

थोक मूल्य सूचकांक की गणना के लिए आधार वर्ष बदलने को लेकर चर्चा जारी

देश में मूल्य स्थिति की अधिक वास्तविक तस्वीर पेश करने में मदद मिलेगी

नई दिल्ली । थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) की गणना के लिए आधार वर्ष को 2011-12 से बदलकर 2017-18 करने को लेकर अंतर-मंत्रालयी विचार-विमर्श चल रहा है। बताया जा रहा है ?कि वर्ष को संशोधित कर 2017-18 करने से देश में मूल्य स्थिति की अधिक वास्तविक तस्वीर पेश करने में मदद मिलेगी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने पिछले साल जून में एक कार्यसमूह की तकनीकी रिपोर्ट का मसौदा जारी किया था, जिसमें थोक मूल्य सूचकांक के आधार वर्ष को संशोधित करने और औषधीय पौधों, पेन ड्राइव जैसी लगभग 480 नई वस्तुओं को जोड़ने का सुझाव दिया गया था। नई श्रृंखला में लिफ्ट, व्यायामशाला उपकरण और कुछ मोटरसाइकिल इंजन भी शामिल रहेंगे। इस रिपोर्ट के मसौदे को सार्वजनिक किया गया है। इस पर सार्वजनिक टिप्पणियां मिलने के बाद रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा। डीपीआईआईटी के सचिव अनुराग जैन ने बताया ?कि कार्यसमूह ने जून में अपनी रिपोर्ट सौंपी। अब अंतर-मंत्रालयी विचार-विमर्श जारी है। कृषि वस्तुओं के मामले में इसबगोल, एलोवेरा और मेन्थॉल जैसे औषधीय पौधों के साथ सौंफ और मेथी के बीज, मशरूम और तरबूज को आंकड़ों की उपलब्धता के आधार पर नई श्रृंखला में शामिल करने का प्रस्ताव है। वर्तमान में सूचकांक में कुल 697 उत्पाद शामिल हैं। इनमें 117 प्राथमिक उत्पाद, 16 ईंधन और बिजली और 564 विनिर्मित उत्पाद शामिल हैं। नई श्रृंखला में इन तीन श्रेणियों में कुल 1,176 वस्तुओं का प्रस्ताव किया गया है। इनमें 131 प्राथमिक उत्पाद, 19 ईंधन और बिजली उत्पाद और 1,026 विनिर्मित उत्पाद शामिल हैं। रिपोर्ट के मसौदे के अनुसार डब्ल्यूपीआई की वर्तमान श्रृंखला में बिजली सूचकांक की गणना केवल पन और ताप बिजली स्टेशनों से मिले मूल्य कोटेशन को शामिल किया जाता है। अब इसमें ताप, वन के अलावा सौर बिजली को भी शामिल किए जाने का प्रस्ताव है।

नई इलेक्ट्रिक कार टियागो ईवी जल्द होगी लांच

नई दिल्ली । स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स की नई इलेक्ट्रिक कार टियागो ईवी जल्द लांच होगी। टाटा मोटर्सक ने इसका खुलासा कर दिया है। टियागो ईवी सबसे पहले ऑटो एक्सपो 2018 में शोकेस की गई थी, लेकिन कंपनी ने इसे लॉन्च नहीं किया था।

इसके बजाय, टाटा मोटर्स ने नेक्सॉन ईवी, नेक्सॉन ईवी मैक्स और टिगोर ईवी को लॉन्च किया। अब, वर्ल्ड ईवी दिवस पर टियागो ईवी की घोषणा की गई है। अभी तक निर्माता द्वारा टियागो ईवी के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। लॉन्च होने पर टियोगा ईवी ईवी टाटा मोटर्स की सबसे किफायती इलेक्ट्रिक गाड़ी होगी। टाटा के पास वर्तमान में एक ईवी पोर्टफोलियो बनाने की दिशा में 3 फेस्ड अप्रोच है। वे कई सेगमेंट, बॉडी स्टाइल और अफोर्डेबल कीमत के स्तर पर 10 इलेक्ट्रिक वाहन लॉन्च करना चाहते हैं। उनके पास पहले

से ही टियागोहै जो एक कॉम्पैक्ट सेडान है और नेक्सान ईवी एक कॉम्पैक्ट एसयूवी है।

अपकमिंग टियागो एक हैचबैक होगी।यह उम्मीद की जाती है कि टाटा मोटर्स टियागो के लिए उसी झीपट्रॉन तकनीक का उपयोग करेगी, जिसका उपयोग वे टीगोर ईवी औरनेक्सान ईवी के लिए कर रहे हैं। झीपट्रान तकनीक एक्सप्रेस-टी तकनीक की तुलना में अधिक एडवांस है, जिसका उपयोग पहले टीगोर ईवीएस के लिए किया जा रहा था जो कि कमर्शियल सेगमेंट में थीं।कॉस्मेटिक रूप से टियागो ईवी और रेगुलर टियागो के बीच कोई बड़ा अंतर नहीं होगा। टियागो को सिग्नेचर टील ब्लू और डेटोना ग्रे में पेश किया जाना चाहिए। पूरे एक्सटीरियर के साथ-साथ इंटीरियर में भी ब्लू एक्सेंट होगा। टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को विश्व इलेक्ट्रिक वाहन दिवस पर कहा कि नेक्सन और टिगोर के बाद टियागो ईवी इलेक्ट्रिक श्रेणी में कंपनी का तीसरा उत्पाद होगी। टाटा मोटर्स यात्री वाहन के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्र ने कहा, 'आज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। हम टियागो ईवी के साथ अपने ईवी खंड के विस्तार की घोषणा करते हैं।' कंपनी आने वाले हफ्तों में टियागो ईवी की कीमत और अन्य विशेष विवरण को जारी करने की योजना बना रही है। इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर को टिगोर ईवी से लिया जा सकता है।

गर्भावस्था के दौरान होने वाले पीठ दर्द के लिए अपनाएं ये तरीके, जल्द मिलेगी राहत



गर्भवती महिलाओं का हर दिन चुनौतीपूर्ण और मुश्किलों से भरा होता है, क्योंकि इस दौरान उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं समस्याओं में से एक है पीठ में दर्द होना। हालांकि, गर्भावस्था के दौरान पीठ में दर्द होना सामान्य बात है, लेकिन फिर भी इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए आज हम कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर गर्भवती महिलाएं पीठ दर्द से जल्द राहत पा सकती हैं।

पीठ की करें सिकाई

गर्भावस्था के दौरान पीठ दर्द से छुटकारा पाने के लिए पीठ की सिकाई करना एक अच्छा घरेलू नुस्खा है। इसके लिए गर्भवती महिला गर्म या ठंडे पानी से अपनी पीठ की सिकाई कर सकती है। समस्या से राहत पाने के लिए गर्भवती महिला एक कंप्रेस बैग में गर्म या ठंडे पानी को भरकर इसे दर्द वाली जगह पर रखे। दिन में कम से कम चार बार 20-30 मिनट तक सिकाई करने से पीठ दर्द की समस्या दूर होने लगेगी।

सेंधा नमक आएगा काम

सेंधा नमक में मैग्नीशियम और सल्फेट जैसे पोषक तत्व सम्मिलित होते हैं, जो दर्द निवारक की तरह काम करते हैं। इसलिए गर्भवती महिला पीठ के दर्द से राहत पाने के लिए इसका इस्तेमाल भी कर सकती है। राहत के लिए सेंधा नमक के पानी से नहाएं। इसके अलावा, पीठ दर्द की समस्या से राहत पाने के लिए सेंधा नमक को गर्म पानी में मिलाकर उसमें तौलिये को भिगोएं और फिर इसे निचोड़कर प्रभावित जगह पर लगाएं।

लैवेंडर के तेल से करें मालिश

सदियों से किसी भी तरह के शारीरिक दर्द से तुरंत राहत पाने के लिए तेल मालिश का सहारा लिया जाता रहा है। गर्भवती महिला भी अपने पीठ दर्द को दूर करने के लिए तेल मालिश को अपना सकती है। राहत पाने के लिए प्रभावित जगह पर लैवेंडर के तेल से तब तक मालिश करें जब तक कि तेल त्वचा में अच्छे से अवशोषित न हो जाए। इस प्रक्रिया को कुछ दिनों तक ऐसे ही दोहराते रहें।

एक्यूपंक्चर भी है कारगर

गर्भावस्था के दौरान पीठ दर्द की समस्या से राहत दिलाने में एक्यूपंक्चर की प्रक्रिया भी बहुत कारगर साबित हो सकती है। इसका इस्तेमाल दुनिया के कई देशों में किया जाता है। एक्यूपंक्चर के अलावा एक्यूप्रेशर भी दर्द से राहत देने में उपयोगी होता है, लेकिन इसका इस्तेमाल किसी एक्सपर्ट द्वारा ही किया जाना चाहिए। वहीं, गर्भावस्था में एक्यूपंक्चर अथवा एक्यूप्रेशर का इस्तेमाल करने से पहले महिलाएं अपने चिकित्सक की राय जरूर लें।

कंगना रनौत रखने जा रही हैं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कदम, रियलिटी शो करेंगी होस्ट

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए जानी जाती हैं. जिसकी वजह से वह कई बार विवादों का भी हिस्सा बन चुकी हैं. बॉलीवुड में धमाल मचाने के बाद अब कंगना ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कदम रखने जा रही हैं. कंगना के फैंस उनके ओटीटी डेब्यू के बारे में जानकर बहुत खुश होने वाले हैं. वह एक रियलिटी शो होस्ट करने वाली हैं. बीते कई सालों में कई सेलेब्स डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कदम रख चुके हैं. जिसके बाद से उनके फैंस बहुत खुश हैं. कंगना अपना ओटीटी डेब्यू शो टैंप्टेशन आइलैंड के इंडियन अडेप्टेशन के साथ करने जा रही हैं. रिपोर्ट्स की माने तो कंगना शो साइन कर चुकी हैं और जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू करेंगी.

टैंप्टेशन आईलैंड शो में कपल्स और सिंगल लोग आते हैं जहां पर उनका अपने पार्टनर के साथ कनेक्शन, रिश्ता टेस्ट किया जाता है. कंगना के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू के बारे में जानकर उनके फैंस बहुत खुश होने वाले हैं. कंगना के फैंस ने उन्हें हमेशा एक्टिंग करते हुए देखा है. अब वह उनके होस्टिंग के टैलेंट को देखने वाले हैं. कंगना रनौत इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म धाकड़ की बुडापेस्ट में शूटिंग कर रही हैं. हाल ही में उन्होंने शूटिंग के लोकेशन से अपनी तस्वीर शेयर की थी. फिल्म में कंगना एक एजेंट के किरदार में नजर आने वाली हैं जिसका नाम अग्नि होगा. फिल्म में कंगना के साथ अर्जुन रामपाल अहम किरदार निभाते नजर आने वाले हैं. कंगना रनौत के पास इस समय कई प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं. उनकी फिल्म थलाइवी जल्द ही रिलीज होने वाली है. यह फिल्म अप्रैल के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी मगर कोरोना महामारी के चलते इसे पोस्टपोन कर दिया गया है. इसके अलावा वह धाकड़, तेजस सहित कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं. वह फिल्म इमरजेंसी में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आने वाली हैं. इस किरदार के लिए कंगना खूब तैयारियां कर रही हैं. उन्होंने हाल ही में अपने इस लुक से जुड़ी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं।

वेब सीरीज रूद्र से वापसी कर करेंगी ईशा देओल

अजय देवगन ने जब से अपनी पहली वेब सीरीज रूद्र: द एज ऑफ डार्कनेस का ऐलान किया है, उनके डिजिटल डेब्यू को लेकर दर्शक उतावले हो रहे हैं। अब जो खबर सामने आई है, उससे अभिनेत्री ईशा देओल के फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। दरअसल, अजय अभिनीत इस वेब सीरीज से ईशा पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। उन्होंने खुद इस खबर पर अपनी मुहर लगाई है। आइए जानते हैं ईशा ने क्या कुछ कहा।

ईशा ने इस खबर की पुष्टि करते हुए ट्वीट किया, रूद्र मेरी पहली वेब सीरीज है और वो भी इतने शानदार अभिनेता अजय देवगन के साथ, जो कि फिल्मों में मेरे को-स्टार रह चुके हैं। ईशा ने कहा, मैं इस सीरीज से जुड़कर बेहद खुश हूं। मैं किसी ऐसे ही प्रोजेक्ट से जुड़ना चाहती थी, जिससे मुझे बतौर एक्टर कुछ नया एक्सप्लोर करने का मौका मिले। लंबे समय बाद अजय देवगन के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं।

रूद्र ब्रिटिश साइकोलॉजिकल क्राइम ड्रामा सीरीज लूथर का हिंदी रीमेक है। नील क्रॉस की अंग्रेजी सीरीज में इदरिस एल्बा ने डीसीआई जॉन लूथर का किरदार निभाया है, जबकि अभिनेत्री एलिस मोर्गन इसमें रूथ विल्सन की भूमिका में थीं। इस सीरीज के अभी तक पांच सीजन आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों से खूब प्यार मिला है। हिंदी रीमेक रूद्र की कहानी को मेट्रो शहर और हिन्दुस्तानी परिवेश के हिसाब से बनाया गया है। यह सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

कुछ ही समय पहले ईशा ने कहा था, भगवान की कृपा से मुझे काफी अच्छा काम मिल रहा है। मैं दोबारा कैमरे का सामना करने के लिए तैयार हूं। अपनी वापसी के लिए मैं पहले की तरह फिट और फाइन हो चुकी हूं। ईशा ने कहा, मैं कई फिल्मों की स्क्रिप्ट पढ़ रही हूं। मैंने अपना एक प्रोजेक्ट पूरा कर लिया है। अब मैं दूसरे प्रोजेक्ट की तैयारी में जुटी हूं। इसकी शूटिंग इस साल के मध्य तक शुरू होगी।

2012 में बिजनेसमैन भरत तख्तानी से शादी के बाद ईशा की फिल्मों में सक्रियता काफी कम हो गई थी। शादी के बाद उन्हें मांजा जैसी एकाध तेलुगु फिल्म में देखा गया। अपनी बेटियों राध्या और मियारा के जन्म के बाद ईशा पूरा वक्त बेटियों के साथ बिता रही थीं। बच्चियों की देखभाल करने के लिए वह फिल्मों से दूर रहीं।

कार्तिक आर्यन ने बिखरे बाल और नेल पेंट लगाए शेयर की तस्वीर

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन इन दिनों सुर्खियों का हिस्सा बने हुए हैं. वह इस समय अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं. कार्तिक इन दिनों कई प्रोजेक्ट्स को लेकर बातचीत कर रहे हैं. सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाले कार्तिक अपने फैंस के लिए अपनी तस्वीरें शेयर करते रहते हैं. उनकी तस्वीरें फैंस को बहुत पसंद आती हैं. आज कार्तिक ने सोशल मीडिया पर एक अलग अवतार में तस्वीर शेयर की है जो वायरल हो गई है.

कार्तिक आर्यन ने डब्बू रतनानी के कैलेंडर के लिए फोटोशूट करवाया है. इस ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर में कार्तिक आर्यन का अंदाज बिल्कुल निराला नजर आ रहा है. फोटो में कार्तिक ने नेल पेंट लगाया हुआ है और बिखरे बालों में नजर आ रहे हैं और गले में काफी सारी चेन पहनी हुई हैं.

कार्तिक आर्यन ने फोटो शेयर करते हुए लिखा- द नंबर 1 शॉट. डब्बू रतनानी कैलेंडर 2021. कार्तिक की इस तस्वीर को 2 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं. उनके फैंस और कई सेलेब्स कार्तिक की तस्वीर पर कमेंट कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा- कातिलाना पिक्चर भाई. वहीं डब्बू रतनानी ने लिखा- सेक्सी मुंडा. कोरियोग्राफर फराह खान ने लिखा- कुछ लेते क्यों नहीं. कार्तिक आर्यन ने अपनी इसी फोटोशूट की तस्वीर शेयर की थी जिसमें उन्होंने अपना चेहरा छुपाया हुआ था. कार्तिक ने ये फोटो शेयर करते हुए लिखा था- डब्बू सर अब शॉट रिवील भी कर दो.. कार्तिक के इस पोस्ट पर डब्बू रतनानी ने कमेंट किया- इंतजार नहीं हो रहा है.

आपको बता दें डब्बू रतनानी के कैलेंडर 2021 का हिस्सा कई सेलेब्स बने हैं. उन्होंने कुछ समय पहले सनी लियोनी, आलिया भट्ट, कियारा आडवाणी, विक्की कौशल, अभिषेक बच्चन और विद्या बालन की तस्वीरें शेयर की थीं जो फैंस को बहुत पसंद आईं थीं.

वेब सीरीज शुक्ला : द टाइगर में गैंगस्टर बनकर खुश हैं रवि भाटिया

वेब सीरीज शुक्ला : द टाइगर में एक गैंगस्टर की भूमिका निभा रहे अभिनेता रवि भाटिया का कहना है कि उन्हें पर्दे पर अपना नया कच्चा और खुरदरा लुक पसंद है। अभिनेता कहानी हमारे महाभारत की में राजा विचित्रवीर्य और जोधा अकबर में शहजादा सलीम जैसे लोकप्रिय किरदार निभा रहे थे, और उनका गैंगस्टर अवतार इन शाही भूमिकाओं के विपरीत है। मैंने कई बार पर्दे पर एक शाही राजकुमार या योद्धा की भूमिका निभाई। अब, जब मैं स्क्रीन पर एक गैंगस्टर की भूमिका निभा रहा हूं। मुझे खुद को बहुत कच्चे और खुरदरे लुक में देखने में मजा आता है। यहां तक कि मेरे प्रशंसक भी मेरी सराहना कर रहे हैं और मेरा जिक्र कर रहे हैं। डॉन, राउडी आदि के रूप में। मुझे खुशी है कि मेरी श्रृंखला एक करोड़ व्यू तक पहुंच जाएगी। अपने नए शो में टाइगर शुक्ला के चरित्र के बारे में बात करते हुए, रवि कहते हैं, मैं परिवार की काली भेड़ की भूमिका निभा रहा हूं। चरित्र लालची, तार्किक और स्मार्ट है। मैं अपने प्रदर्शन को देखने के लिए उत्साहित हूं, क्योंकि यह पहले कभी नहीं किया गया है। यह वास्तव में एक मजबूत चरित्र है और सही मायने में चुनौतीपूर्ण था।

शादी के तीन महीने बाद मां बनीं दीया मिर्जा, दिया बेटे को जन्म

अभिनेत्री दीया मिर्जा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। वह आए दिन अपने प्रशंसकों के साथ कुछ-ना-कुछ साझा करती रहती हैं। अब उन्होंने एक खुशखबरी अपने प्रशंसकों के साथ साझा की है। दरअसल, दीया मां बन गई हैं। 14 मई को उन्होंने बेटे को जन्म दिया था। बेटे के जन्म के दो महीने बाद दीया ने एक तस्वीर अपने प्रशंसकों के साथ साझा की है, जिसमें उन्होंने अपने बेटे का हाथ थामा हुआ है।

अपने बेटे की झलक दिखाते हुए दीया ने विदेशी लेखिका एलिजाबेथ स्टोन की लाइनें शेयर कर लिखा, आपका एक बच्चा होने के लिए आपको हमेशा यह फैसला लेना पड़ता है कि आपका दिल आपके शरीर के आस-पास हमेशा रहे। उन्होंने लिखा, हमारे दिल की धड़कन, हमारे बेटे अव्यान आजाद रेखी का जन्म 14 मई को हुआ था। दीया के पोस्ट पर मलाइका अरोड़ा से लेकर बिपाशा बासु तक कई सितारों ने उन्हें बधाई दी है।

दीया ने लिखा, मेरी गर्भावस्था के दौरान अचानक मुझे ऑपरेशन करवाना पड़ा, जिससे मुझे गंभीर संक्रमण सेप्सिस का खतरा बढ़ गया था, जिससे मेरी जान को भी खतरा था। शुक्र है, हमारे डॉक्टर ने समय पर देखभाल की और इमरजेंसी सी-सेक्शन के जरिए हमारे बच्चे का सुरक्षित जन्म सुनिश्चित किया। उन्होंने लिखा, मैं अपने फैंस को शुक्रिया कहना चाहती हूं। आपकी चिंता हमारे लिए बहुत मायने रखती है। अगर यह न्यूज पहले शेयर करना मुमकिन होता तो हम जरूर करते।

दीया ने शादी के डेढ़ महीने बाद मां बनने की खबर साझा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा था, सौभाग्य मिला है धरती मां के साथ एक होने का, जीवन की शक्तियों के साथ एक होने का, जो हर चीज की शुरुआत है। उन्होंने लिखा, सौभाग्य मिला है तमाम कहानियों, लोरियों, गानों और देरों उम्मीदों के साथ एक होने का। सौभाग्य मिला है मेरे गर्भ में पल रहे इन सभी सपनों को पालने के लिए धन्य होने का।

दीया ने इस साल 15 फरवरी को बिजनेसमैन वैभव रेखी संग दूसरी शादी की थी। मिली जानकारी के मुताबिक वैभव रेखी ने इससे पहले योगा थेरेपिस्ट सुनैना रेखी से शादी की थी। वैभव को अपनी पहली पत्नी से एक बेटी भी है। दूसरी तरफ दीया ने इससे पहले 2014 में अपने बिजनेस पार्टनर साहिल संघा से शादी की थी, जिनके साथ वह प्रोडक्शन हाउस भी चलाती थीं। हालांकि, 2019 में दोनों की राहें हमेशा के लिए जुदा हो गई थीं।

कॉन्टेक्ट लेंस लगाते हैं तो जरूर बरतें ये सावधानियां, नहीं होगी कोई परेशानी

पहले कॉन्टेक्ट लेंस सिर्फ वही लोग लगाते थे जिनकी आंखे कमजोरी होती थी, लेकिन अब ये फैशन का हिस्सा बन गए हैं। हालांकि अगर कॉन्टेक्ट लेंस को सही तरीके से न लगाया जाए या फिर इनकी रोजाना सफाई न की जाए तो इनसे आपको फायदे की बजाय नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए अगर आप कॉन्टेक्ट लेंस लगाते हैं तो आपको खास सावधानी बरतनी चाहिए। आइए आज ऐसी ही कुछ सावधानियों के बारे में जानते हैं।

धूप में निकलने से बचें

अगर आप रोजाना कॉन्टेक्ट लेंस लगाते हैं तो आपके लिए अपनी आंखों को सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से बचाकर रखना जरूरी है। दरअसल, आंखों में लेंस लगाने के बाद यूवी किरणों के संपर्क में आने से आपकी आंखों में संक्रमण हो सकता है। वैसे तो कई ब्रांड यूवी किरणों से सुरक्षित कॉन्टेक्ट लेंस बनाते हैं, लेकिन बेहतर यही होगा कि आप लेंस लगाने के बाद धूप का चश्मा लगाकर ही घर से बाहर निकलें।

चेहरा न धोएं

अगर आपने अपनी आंखों में कॉन्टेक्ट लेंस लगाए हुए हैं तो भूल से भी अपने चेहरे को न धोएं क्योंकि इससे आपकी आंखों और कॉन्टेक्ट लेंस दोनों को ही नुकसान पहुंच सकता है। हालांकि स्विमिंग के दौरान कॉन्टेक्ट लेंस पहनना मजबूरी है तो आंखों पर एयर टाइट गॉगल्स जरूर पहनें। इसके साथ ही यह भी ध्यान रखें कि कॉन्टेक्ट लेंस की सफाई कभी भी नल के पानी से नहीं करनी चाहिए।

आंखों को न रगड़ें

न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में हुए एक छोटे से अध्ययन से पता चला है कि कॉन्टेक्ट लेंस पहनने के बाद आंखों को रगड़ना या फिर कहें कि मसलना नहीं चाहिए। इसका मुख्य कारण यह है कि ऐसा करने से आंखों का लाल होना, आंखों से पानी आना और दर्द जैसी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। वहीं इससे आंखों के आस-पास कीटाणु पनप सकते हैं जो आंखों के स्वास्थ्य को काफी प्रभावित कर सकते हैं।

अधिक समय तक कॉन्टेक्ट लेंस न लगाएं

अधिक समय तक कॉन्टेक्ट लेंस लगाने से भी आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। दरअसल, लंबे समय तक कॉन्टेक्ट लेंस पहनने के कारण आंखें रूखी हो जाती हैं क्योंकि लेंस से आंखों में हाइपरटॉनिक (बहुत ज्यादा दबाव) उत्पन्न होता है जिसकी वजह से आंखों में दिक्कत हो सकती है। इसके अलावा कॉन्टेक्ट लेंस पहनकर सोना भी गलत है क्योंकि आंखें बंद करने से लेंस वाली जगह पर ऑक्सीजन की कमी हो जाती है जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ता है।

इंटरनेट पर छा गया मालविका मोहनन का ग्लैमरस लुक

साउथ फिल्म एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने अपने करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है। हाल ही में उनकी फिल्म मास्टर सुपरहिट हुई है। अब वह अपने बोल्ड लुक चलते सुर्खियों में हैं। एक्टिंग के साथ मालविका अपने शानदार फैशन चॉइस को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। वो फैशन को लेकर एक्सपेरिमेंट करने से नहीं डरती हैं। उनकी खास बात है वो हर तरह के स्टाइल को अच्छे से कैरी करती हैं। बात अगर इंडियन आउटफिट की हो, तो मालविका जानती है कि कैसे उसमें भी सबका दिल जीतना है। ट्रेडिशनल ड्रेस पहनना हो या क्रॉप टॉप वो शानदार दिखना और दूसरों से अलग दिखना जानती हैं। उनकी तेटेस्ट फोटोज भी इसमय टॉक ऑफ दी टाउन बनी हुई हैं। स्पोर्ट्स ड्रेस और व्हाइट शूज में वो बेहद स्मार्ट और ग्लैमरस लग रही हैं। मालविका की इससे पहले भी कई बोल्ड तस्वीरें इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन चुकी हैं। मालविका मोहनन तमिल और मलयालम भाषा की फिल्में कर चुकी हैं। उन्होंने पट्टम पोल से स्क्रीन डेब्यू किया था, जिसमें उनकी एक्टिंग को खूब सराहा गया था।

भारत की प्रशंसक

महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 70 वर्षों तक शासन किया और ब्रिटिश इतिहास में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महारानी थीं। बकिंघम पैलेस ने 10 दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा करते हुए एक बयान में उनके निधन की घोषणा की। एलिजाबेथ द्वितीय पिछले अक्टूबर से काफी बीमार थीं। उन्हें चलने और खड़े होने में कठिनाई हो रही थी। उन्होंने हाल की अपनी यात्राओं में भी काफी कटौती की थी। उनके चार बच्चों में सबसे बड़े चार्ल्स, प्रिंस ऑफ वेल्स उनके निधन के बाद राजा बनेंगे। औपनिवेशिक शासन से भारत की आजादी के बाद 1952 में ब्रिटिश सिंहासन पर काबिज होने वाली पहली ब्रितानी शासक महारानी एलिजाबेथ द्वितीय भारत की सामाजिक एवं सांस्कृतिक समृद्धि एवं विविधता की प्रशंसक थीं। महारानी ने अपने 70 साल लंबे शासनकाल में तीन बार-1961, 1983 और 1997 में भारत की यात्रा की थी। इस दौरान महारानी ने देश में मिली गर्मजोशी और आतिथ्य की खूब तारीफ भी की थी। उन्होंने अपने एक संबोधन में कहा था, भारतीयों की गर्मजोशी और आतिथ्य-सत्कार के अलावा भारत की समृद्धि और विविधता हम सभी के लिए एक प्रेरणा रही है। 1961 में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और उनके दिवंगत पति प्रिंस फिलिप ने मुंबई, चेन्नई और कोलकाता का दौरा किया था। उन्होंने आगरा पहुंचकर ताज महल का दीदार करने के साथ ही दिल्ली में राष्ट्रपिता के स्मारक राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की थी। एलिजाबेथ और फिलिप तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के निमंत्रण पर भारत की गणतंत्र दिवस परेड में सम्मानित अतिथि थे। महारानी ने दिल्ली के रामलीला मैदान में हजारों लोगों की भीड़ को संबोधित भी किया था। महारानी ने 1983 में राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक (चोगम) में हिस्सा लेने के लिए भारत की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने मदर टेरेसा को ऑर्डर ऑफ द मेरिट की मानद उपाधि से नवाजा था। भारत की उनकी अंतिम यात्रा देश की आजादी की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हुई थी। इस दौरान उन्होंने पहली बार औपनिवेशिक इतिहास के %कठोर दौर' का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था, यह कोई रहस्य नहीं है कि हमारे अतीत में कुछ कठोर घटनाएं हुई हैं। जलियांवाला बाग एक दुखद उदाहरण है। महारानी और उनके पति ने बाद में 1919 में नरसंहार के गवाह बने अमृतसर के जलियांवाला बाग का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की थी। महारानी के निधन के बाद उनके बेटे प्रिंस चार्ल्स को महाराजा बनाया गया है। महारानी के निधन के बाद ब्रिटेन में काफी कुछ बदलाव आएंगे। ब्रिटेन के राष्ट्रगान के बोल संविधान में संशोधन के बाद बदल दिए जाएंगे। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की मौत के साथ ही राष्ट्रगान में अब गॉड सेव द क्वीन की जगह गॉड सेव द किंग में बदला जाएगा। गॉड सेव द किंग वास्तव में ऑरिजिनल यूनाइटेड किंगडम का नेशनल एंथम है। यह 1745 में लिखा गया था और रॉयल फैमिली की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार 19वीं शताब्दी की शुरुआत में इसका इस्तेमाल यूके के राष्ट्रगान के रूप में जाना जाने लगा। इसके साथ ही ब्रिटेन में नई करेंसी छापी जाएगी। अभी तक नोटों पर रानी का फोटो छापा जाता था लेकिन अब उनके निधन के बाद ब्रिटेन के नए राजा किंग चार्ल्स की तस्वीर छापी जाएगी। इसके साथ ही आदेशों के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले पुराने स्टैंप भी नए बनेंगे और सुरक्षा बलों के प्रतीक चिन्ह में भी अब रानी की जगह किंग होंगे। एलिजाबेथ के शासन के दौरान यूनाइटेड किंगडम में कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए।

राजस्थान में छात्रों ने दिखाया गहलोत सरकार को आईना

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी सरकार को आमजन की सरकार बताते हुए दावा करते हैं कि देश में सबसे अधिक जनहित में काम करने वाली सरकार यदि कोई है तो है राजस्थान की कांग्रेस सरकार है। उनकी सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों की बदौलत ही राजस्थान में अगली बार फिर से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। इसे हम मुख्यमंत्री गहलोत का अति आत्मविश्वास ही कह सकते हैं। क्योंकि हाल ही में राजस्थान के महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के छात्र संघ के संपन्न हुए चुनाव तो कुछ अलग ही कहानी बयां करते हैं। कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई ने राजस्थान की सभी कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में छात्रसंघओ के चुनाव में पूरी ताकत के साथ भाग लिया था मगर परिणाम शून्य रहा। राजस्थान में भी एक भी सरकारी कॉलेज में कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई का प्रत्याशी अध्यक्ष नहीं बन पाया। इतना ही नहीं जयपुर, जोधपुर सहित प्रदेश के सभी 14 सरकारी विश्वविद्यालयों के छात्र संघ अध्यक्ष के चुनाव में भी कांग्रेस प्रत्याशी पराजित हो गए। राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के छात्र संघ के अध्यक्ष चुनाव में एनएसयूआई की प्रत्याशी रितु बराला तीसरे नंबर पर रही। जबकि राज्य सरकार में मंत्री मुरारी लाल मीणा की बेटी निहारिका जोरवाल ने एनएसयूआई से टिकट नहीं मिलने पर उसने निर्दलीय चुनाव लड़कर कांग्रेस प्रत्याशी से काफी अधिक वोट लेने में सफल रही। जोधपुर विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष के चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सुपुत्र वैभव गहलोत एनएसयूआई के प्रत्याशी को जिताने के लिए दिन रात एक किए हुए थे मगर फिर भी एनएसयूआई का प्रत्याशी हार गया। प्रदेश के चौदह सरकारी विश्वविद्यालयों में से पांच पर भाजपा के छात्र संगठन एबीवीपी, दो पर वामपंथी छात्र संगठन एसएफआई व सात पर निर्दलीय प्रत्याशी अध्यक्ष बने हैं। राजस्थान में छात्र संघ के चुनाव परिणाम सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी और मुख्य विपक्षी दल भाजपा दोनों के लिए ही एक चेतावनी की तरह है। सबसे अधिक चिंता तो कांग्रेस पार्टी के लिए मानी जाएगी। क्योंकि अगले साल प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं और चुनाव में सबसे अधिक भूमिका छात्रों व युवाओं की होती है। प्रदेश में हुए छात्र संघ चुनाव में कांग्रेस पार्टी के छात्र संगठन एनएसयूआई की करारी हार ने कांग्रेस को बैकफुट पर खड़ा कर दिया है। हालांकि विधानसभा चुनाव में छात्र संघ चुनाव की ज्यादा भूमिका नहीं रहती है। मगर विपक्ष को तो कहने को मौका मिल गया है। पांच विश्वविद्यालयों में भाजपा समर्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रत्याशियों की जीत ने भाजपा को उत्साहित किया है। वही आधे विश्वविद्यालयों में निर्दलीय प्रत्याशियों की जीत ने सभी राजनीतिक दलों को चौंका दिया है।

राजस्थान के छात्रों ने चुनाव से ठीक साल भर पहले अपना रुझान दे दिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से लेकर सभी बड़े मंत्रियों के इलाकों में कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई को करारी हार का सामना करना पड़ा है। गहलोत के गृह क्षेत्र जोधपुर की जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में एनएसयूआई हार गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के गृह जिले सीकर में शेखावाटी यूनिवर्सिटी और एसके कॉलेज में एनएसयूआई एसएफआई प्रत्याशियों से बुरी तरह हारी है।

प्रदेश की किसी भी बड़ी यूनिवर्सिटी में एनएसयूआई का उम्मीदवार अध्यक्ष पद पर नहीं जीता। यह हालत तब है जब कांग्रेस के कई विधायक और मंत्री पदें के पीछे से एनएसयूआई प्रत्याशियों को जिताने के लिए सक्रिय थे। राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर में तो राज्य मंत्री मुरारीलाल मीणा की बेटी निहारिका जोरवाल बागी होकर चुनाव लड़ रही थी। जोधपुर में अशोक गहलोत के बेटे और आरएसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने कैम्पस में जाकर प्रचार किया था लेकिन

वहां भी एनएसयूआई की करारी हार हुई। मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में एनएसयूआई हार गई। एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी भी जोधपुर जिले के हैं। लेकिन वे भी किसी भी प्रत्याशी को नहीं जिता सके। चार मंत्रियों और दो बोर्ड चेयरमैन वाले जिले भरतपुर में महाराजा सूरजमल यूनिवर्सिटी में एबीवीपी जीत गई जबकि भरतपुर जिले में महाराजा विश्वेंद्र सिंह, भजनलाल जाटव, जाहिदा खान और सुभाष गर्ग मंत्री हैं। लेकिन कालेज चुनावों में किसी का भी प्रभाव काम नहीं आया। गहलोत सरकार में स्वायत शासन मंत्री शांति धारीवाल के क्षेत्र कोटा में कोटा यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में एनएसयूआई को हार का सामना करना पड़ा है। बांसवाड़ा जिले से महेंद्रजीत सिंह मालवीय और अर्जुन बामणिया मंत्री हैं। वहां भी एनएसयूआई हारी है। बीकानेर में महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी और वेटरिनरी यूनिवर्सिटी में एनएसयूआई हार गई है। जबकि वहां से डॉ बीडी कल्ला और भंवर सिंह भाटी मंत्री हैं । आदिवासी इलाके डूंगरपुर, बांसवाड़ा में एनएसयूआई को करारी हार का सामना करना पड़ा है। राजस्थान यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गणेश घोघरा के निर्वाचन क्षेत्र डूंगरपुर से लेकर पूरे जिले के चारों कॉलेजों में भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) के छात्र संगठन की जीत हुई है। बांसवाड़ा में गोविंद गुरु यूनिवर्सिटी और कॉलेजो में एबीवीपी ने कांग्रेस को हराया है। आदिवासी क्षेत्र में इन नतीजों ने इस इलाके के युवाओं का रुझान साफ कर दिया है।

विधानसभा चुनावों में यूथ वोटर्स बहुत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। पिछले कई चुनावों में यूथ वोटर्स ने सरकारें बदलने में बड़ी भूमिका निभाई है। छात्रसंघ चुनावों के नतीजों ने दोनों पार्टियों को भविष्य के लिए कई संकेत दिए हैं। यह साफ हो गया है कि यूथ वोटर्स को वही अपनी तरफ कर पाया है जिसका ग्राउंड कनेक्ट मजूबत है। यूथ आम तौर पर सत्ता विरोधी रुझान का माना जाता है। यह ट्रेंड किधर भी मुड़ सकता है। बड़े नेताओं के इलाकों में कांग्रेस के छात्र संगठन की हार ने यूथ के रुझान को जाहिर कर दिया है। अब माना जा रहा है कि सरकार यूथ वोटर्स को आकर्षित करने के लिए ज्यादा फोकस कर सकती है।

राजस्थान की राजनीति में कई छात्र नेता महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें है। राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के छात्रसंघ अध्यक्ष रहे कालीचरण सर्राफ, राजेंद्र राठौर, राजपाल सिंह शेखावत, अशोक लाहोटी अभी भाजपा में हैं तथा विधायक व मंत्री रह चुके हैं । इसी तरह महेश जोशी, रघु शर्मा, प्रताप सिंह खाचरियावास, महेंद्र चौधरी, राजकुमार शर्मा कांग्रेस के विधायक है। इनमें महेश जोशी व प्रताप सिंह खाचरियावास तो अभी राजस्थान सरकार में केबिनेट मंत्री भी है। रघु शर्मा गुजरात कांग्रेस के प्रभारी है। छात्रसंघ अध्यक्ष रहे हनुमान बेनीवाल अभी नागौर से सांसद है। ज्ञान सिंह चौधरी पूर्व में मंत्री रह चुके हैं। वही आदर्श किशोर सक्सेना छात्रसंघ अध्यक्ष बनने के बाद आईएएस बनकर वरिष्ठ अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। रणवीर सिंह गुढ़ा भी विधायक रह चुके हैं। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने प्रदेश में हुए छात्रसंघ चुनाव के नतीजों का ठीकरा पायलट गुट के कांग्रेसियों पर फोड़ा है। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव में एनएसयूआई की हार का कारण पार्टी के जयचंद और विभीषण हैं। अभिषेक चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के भीतरीघात की वजह से एनएसयूआई जीत हासिल नहीं कर पाई।

सन्मार्ग की प्रवृति

उत्तम कार्य की कार्य प्रणाली भी प्रायः उत्तम होती है। दूसरों की सेवा या सहायता करनी है, तो प्रायः मधुर भाषण, नम्रता, दान, उपहार आदि द्वारा उसे संतुष्ट किया जाता है। परन्तु कई बार इसके विपरीत क्रिया-प्रणाली ऐसी कठोर, तीक्ष्ण एवं कटु बनानी पड़ती है कि लोगों को भ्रम हो जाता है कि कहीं यह दुर्भाव से प्रेरित होकर तो नहीं किया गया। ऐसे अवसरों पर वास्तविकता का निर्णय करने में बहुत सावधानी बरतने पड़ती है। सीधे-सादे अवसरों पर सीधी-सादी प्रणाली से भली प्रकार काम चल जाता है। भूखे, प्यासे की सहायता करनी है, तो वह कार्य अन्न-जल देने के सीधे-सादे तरीके से चल जाता है। किसी दुःखी या अभावग्रस्त को अभीष्ट वस्तुएं देकर उसकी सेवा की जा सकती है। धर्मशाला, कुआं, पाठशाला, अनाथालय, औषधालय आदि द्वारा लोकसेवा की जा सकती है। ऐसे कार्य निश्चय ही श्रेष्ठ हैं और उनकी आवश्यकता व उपयोगिता सर्वत्र स्वीकारी जा सकती है। परन्तु कई बार ऐसी सेवा की भी बड़ी आवश्यकता होती है, जो प्रत्यक्ष में बुराई मालूम पड़ती है और उसे करने वाले को अपयश ओढ़ना पड़ता है। इस मार्ग को अपनाने का साहस हर किसी में नहीं होता। दुष्ट और अज्ञानियों को उस मार्ग से छुड़ाना, जिस पर वे बड़ी ममता और अहंकार के साथ प्रवृत्त हो रहे हैं, साधारण काम नहीं है। सीधे आदमी की भूल ज्ञान से, तर्क से, समझाने से सुधर जाती है पर जिनकी मनोभूमि अज्ञानान्धकार से कलुषित हो, साथ ही जिनके पास कुछ शक्ति भी है, वे ऐसे मदान्ध हो जाते हैं कि सीधी-सादी क्रिया-प्रणाली का उन पर प्रायः कुछ असर नहीं होता। मनुष्य शरीर धारण करने पर भी जिनमें पशुत्व की प्रधानता है, दुनिया में उनकी कमी नहीं है। उन्हें ज्ञान, तर्क, नम्रता, सज्जनता, सहनशीलता से अनीति के दुःखदाई मार्ग से पीछे नहीं हटाया जा सकता।

सनातन हिंदू धर्म के अनुयायियों को भी मिलें समान अधिकार

प्रहलाद सबनानी

भारत में आज भी अरब के आक्रांता इसलिए याद किए जाते हैं कि उन्होंने बहुत बड़ी मात्रा में हिंदू मंदिरों को तोड़ा और या तो तोड़े गए इन मंदिरों की जगह मस्जिदें बना दीं अथवा इन मंदिर को तोड़कर छोड़ दिया गया। न केवल हिंदुओं के आस्था स्थलों को ध्वस्त किया गया बल्कि बहुत बड़ी संख्या में हिंदुओं का जबरन धर्म परिवर्तन भी करवाया गया और जिन हिंदुओं ने धर्म परिवर्तन नहीं किया उन्हें मार दिया गया। अरब के आक्रांताओं के बाद अंग्रेजों ने भी अपने शासनकाल में हिंदू धर्मावलंबियों पर कई प्रकार के अत्याचार किए। अंग्रेजों ने तो बाकायदा यह समझ लिया था कि भारत में सनातन धर्म को नष्ट किए बिना इस देश पर राज नहीं किया जा सकता। अतः उन्होंने सनातन संस्कृति को खत्म करने की पूरी कोशिश की। इसी तर्ज पर मैकाले सिद्धांत भारत में लागू किया गया जिसके अंतर्गत भारत की सांस्कृतिक मनीषा को सफलतापूर्वक खत्म किए जाने के प्रयास किए गए। भारतीयों के मन में सनातन संस्कृति के प्रति इस प्रकार का भाव पैदा किया गया कि जिससे उन्हें अपना हिंदू धर्म ही पिछड़ा हुआ दिखने लगा और भारत में केवल क्लर्क पैदा किए जाने लगे, जो कुछ भी सोच न सके एवं केवल अंग्रेजों द्वारा प्रतिपादित नियमों का पालन करते रहें। इस प्रकार अंग्रेजों ने हमारे ऊपर लगभग 200 वर्षों तक शासन किया। अरब के आक्रांताओं एवं अंग्रेजों ने तो भारतीय संस्कृति को तहस नहस करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी परंतु दुर्भाग्य से वर्ष 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी हिंदुओं पर एक तरह से इसी प्रकार के अत्याचार जारी रहे। दरअसल, उस समय पर संविधान में दो ऐसी धाराएं (अनुच्छेद 28 एवं अनुच्छेद 30) जोड़ी गईं जिसका सीधा

असर सनातन हिंदू संस्कृति के अनुयायियों पर विपरीत रूप से पड़ा। अनुच्छेद 28 के अनुसार, किसी भी सरकारी शिक्षण संस्थान द्वारा धार्मिक शिक्षा देने पर रोक लगा दी गई। परंतु अनुच्छेद 30 में यह कहा गया कि अल्पसंख्यकों को यह अधिकार रहेगा कि वे अपने शिक्षण संस्थान स्थापित करें एवं उनका संचालन करें। सरकार भी इन संस्थानों को अनुदान एवं अन्य आवश्यक मदद उपलब्ध कराएगी। इन शिक्षण संस्थानों में धर्म की शिक्षा देने की अनुमति भी प्रदान कर दी गई। मुसलमान, ईसाई, सिक्ख, बौध एवं जैन धर्म के अनुयायियों को अल्पसख्यकों की श्रेणी में रखा गया। इस प्रकार अनुच्छेद 30 केवल सनातन हिंदू धर्म को मानने वाले अनुयायियों पर प्रतिबंध लगाता है कि उनके शिक्षण संस्थानों में हिंदू धर्म की शिक्षा नहीं दी जा सकती है। यह अपने आप में पूरे विश्व में एक मात्र उदाहरण है कि बहुसंख्यक समुदाय को अपने धर्म की शिक्षा देने से कानूनी रूप से रोका गया है। बाकायदा संविधान की आड़ लेकर सरकार यह कह रही है कि कुछ संस्थान धार्मिक शिक्षा दे सकते हैं और कुछ अन्य संस्थान धार्मिक शिक्षा नहीं दे सकते हैं। अर्थात, सनातन हिंदू धर्म को मानने वाले लोग अपने शिक्षण संस्थानों में धार्मिक शिक्षा नहीं दे सकते जबकि मदरसों में इस्लाम की शिक्षा दी जा सकती है और हदीस पढ़ाई जा सकती है। इसी प्रकार, ईसाईयों द्वारा संचालित स्कूलों में ईसाई धर्म की शिक्षा दी जा सकती है एवं अन्य अल्पसंख्यकों द्वारा संचालित स्कूलों में भी अन्य धर्मों की शिक्षा दी जा सकती हैं परंतु केवल सनातन हिंदू धर्म की शिक्षा स्कूलों में नहीं दी जा सकती है।

इस प्रकार, पिछले 75 वर्षों के दौरान इस्लाम मजहब को मानने वाले, ईसाईयत को मानने वाले, सिक्ख धर्म को मानने वाले, बौध धर्म और जैन धर्म को मानने वाले अनुयायी अपने अपने धर्म की शिक्षा पाते रहे परंतु सनातन हिंदू धर्म को मानने वाले हिंदू अपने धर्म की शिक्षा से वंचित रहे। और इसलिए, अन्य धर्मों के अनुयायियों के बच्चों को उनके धर्म के सम्बंध में स्पष्ट जानकारी है परंतु केवल सनातन धर्म के अनुयायियों के बच्चों को अपने धर्म के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं है। पुरातन भारत में हिंदू धर्म के अनुयायी अपने बच्चों को गुरूकुल में भेजा करते थे ताकि वे सनातन हिंदू धर्म की शिक्षा गृहण कर सकें। परंतु, इस खंडकाल में गुरूकुल ही बंद कर दिए गए। सनातन हिंदू संस्कृति पर अत्याचार करने के मामले में अंग्रेजी शासक यहां पर ही नहीं रुके उन्होंने वर्ष 1863 में एक कानून बनाया जिसके अनुसार हिंदू मठ एवं मंदिरों के संचालन का अधिकार अपने हाथ में ले लिया।

क्रूरता के बिना सुंदरता

(12 सितम्बर विशेष)

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

जानवरों पर कॉस्मेटिक परीक्षण एक प्रकार का पशु परीक्षण है जिसका उपयोग मनुष्यों द्वारा उपयोग किए जाने वाले कॉस्मेटिक उत्पादों की सुरक्षा और हाइपोएलर्जेनिक गुणों का परीक्षण करने के लिए किया जाता है। चूंकि इस प्रकार के पशु परीक्षण अक्सर पशु विषयों के लिए हानिकारक होते हैं, इसलिए पशु अधिकार कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों द्वारा इसका विरोध किया जाता है। कॉस्मेटिक पशु परीक्षण कोलंबिया, यूरोपीय संघ, यूनाइटेड किंगडम, भारत, इज़राइल, और नॉर्वे सहित दुनिया के कई हिस्सों में प्रतिबंधित है। जानवरों पर बिना किसी परीक्षण के तैयार किए गए सौंदर्य प्रसाधनों को कभी-कभी क्रूरता मुक्त सौंदर्य प्रसाधन के रूप में जाना जाता है। 2014 की शुरुआत में, भारत ने देश में जानवरों पर सौंदर्य प्रसाधनों के परीक्षण पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की, जिससे ऐसा करने वाला वह एशिया का दूसरा देश बन गया।बाद में भारत ने नवंबर 2014 में जानवरों पर परीक्षण किए गए सौंदर्य प्रसाधनों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया।

ब्यूटी विदाउट क्रुएल्टी (बीडब्ल्यूसी) 1975 में स्थापित दक्षिण अफ्रीका में एक एनिमल इश्यू चैरिटी है। प्रारंभिक फोकस पशु परीक्षण, फर और हाथीदांत था। बाद में इसे पशु शोषण के सभी क्षेत्रों में शिक्षित करने और तरह के विकल्पों की पेशकश करने के लिए विस्तारित किया गया है। ब्यूटी विदाउट

क्रुएल्टी एक पशु अधिकार संगठन है जिसका प्राथमिक उद्देश्य जनता को सभी जानवरों के शोषण, दुर्व्यवहार और पीड़ा के बारे में शिक्षित करना और सूचित करना और क्रूर और हानिकारक जीवन शैली विकल्पों को बदलने के लिए मानवीय, गैर-पशु विकल्पों की पेशकश करना है। उन्हें कोई सरकार या लॉटरी फंडिंग नहीं मिलती है और वे जानवरों के लिए काम जारी रखने के लिए पूरी तरह से समर्थकों की उदारता पर भरोसा करते हैं। ब्यूटी विदाउट क्रुएल्टी का मतलब है बिना क्रूरता के जीना। यह भी एक ब्रिटिश कंपनी है जो शाकाहारी सौंदर्य प्रसाधन बनाती है। सौंदर्य प्रसाधनों में कोई पशु उत्पाद नहीं होते हैं और जानवरों पर परीक्षण नहीं किया जाता है।

कंपनी की स्थापना 1959 में लेडी म्यूरियल डाउडिंग (1908 -1993), नेशनल एंटी-विविसेक्शन सोसाइटी की अध्यक्ष और आरएएफ फाइटर कमांड के पूर्व कमांडर-इन-चीफ लॉर्ड डाउडिंग (1882 -1970) की पत्नी द्वारा एक चैरिटी के रूप में की गई थी। चैरिटी, जिसे अब क्रूरता चैरिटेबल ट्रस्ट के नाम से जाना जाता है, ने ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, भारत, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त राज्य अमेरिका में शाखाएं स्थापित कीं और 1963 में लेडी डाउडिंग ने ब्यूटी विदाउट क्रुएल्टी कॉस्मेटिक्स की स्थापना की, जो एक निजी कंपनी बन गई। डाउडिंग के अनुसार, बीडब्ल्यूसी ने एक लक्जरी वस्तु के रूप में 100 प्रतिशत वनस्पति साबुन के उत्पादन का बीड़ा उठाया है।ब्रांड को 1989 में संयुक्त राज्य अमेरिका में पेश किया गया था। बीडब्ल्यूसी के उत्पाद पैराबेंस, ग्लूटेन, रूरुस, क्क्ष्ल, टोल्यूनि, फॉर्मलाडिहाइड और फ़ेथलेट्स से मुक्त हैं। हालांकि सौंदर्य प्रसाधनों के पशु परीक्षण के परिणामस्वरूप हर साल लाखों जानवर मारे जाते हैं, ब्यूटी विदाउट क्रुएल्टी जानवरों के अधिकारों की वकालत करती है और तर्क देती है कि पशु परीक्षण के परिणाम अक्सर अविश्वसनीय होते हैं और इसे मनुष्यों पर लागू नहीं किया जा सकता है। क्रूरता शाकाहारी और प्राकृतिक÷ उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करता है जो मनुष्यों को रासायनिक रूप से नुकसान नहीं पहुंचा सकते हैं और जानवरों पर परीक्षण की आवश्यकता नहीं है। बीडब्ल्यूसी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा इंग्लैंड (1963) में आधिकारिक रूप से स्थापित होने के बाद, बीडब्ल्यूसी ने अपनी कॉस्मेटिक्स लाइन पर काम शुरू किया। बीडब्ल्यूसी का लक्ष्य प्राकृतिक सौंदर्य प्रसाधन बनाना था जिसमें पशु सामग्री शामिल नहीं थी और जानवरों पर कभी परीक्षण नहीं किया गया था।

सूडोकु नवताल- 6190

✱✲✲✲✲ सरल

5	9		1		2		3	8
			4		5			
2								5
		3		5		4	8	
	7						1	
	5	8		6		9		
8								1
			2		9			
3	4		6		7		5	2

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6189 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

भारत-चीनः शुरुआत अच्छी

डॉ वेदप्रताप वैदिक

पिछले ढाई-तीन साल से भारत और चीन के संबंधों में जो तनाव पैदा हो गया था, वह अब कुछ घटता नजर आ रहा है। पूर्वी लद्दाख के गोगरा हॉट स्प्रिंग क्षेत्र से दोनों देशों की सेनाएं पीछे हटने लगी हैं। दोनों देशों के फौजियों के बीच दर्जनों बार घंटों चली बातचीत का यह असर तो है ही लेकिन ऐसा लगता है कि इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारे विदेश मंत्री जयशंकर की रही है। जयशंकर चीनी विदेश मंत्री से कई बार बात कर चुके हैं। वे चीन में हमारे राजदूत रह चुके हैं। इसके अलावा अब अगले सप्ताह समरकंद में होनेवाली शांघाई सहयोग संगठन की बैठक में हमारे प्रधानमंत्री और चीनी नेता शी चिन फिंग भी शीघ्र ही भाग लेनेवाले हैं। हो सकता है कि वहां दोनों की आपसी मुलाकात और बातचीत हो। वहां कोई अप्रियता पैदा नहीं हो, इस दृष्टि से भी दोनों फौजों की यह वापसी प्रासंगिक है। मोदी और शी के व्यक्तिगत संबंध जितने अनौपचारिक और घनिष्ट रहे हैं, उतने बहुत कम विदेशी नेताओं के होते हैं। इसके बावजूद दोनों में इस सीमांत मुठभेड़ के बाद अनबोला शुरु हो गया था। अब वह टूटेगा, ऐसा लगता है। यहां यह भी ध्यातव्य है कि गलवान घाटी मुठभेड़ के बाद चीनी माल के बहिष्कार के आह्वान के बावजूद भारत-चीन व्यापार में इधर अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। चीन के सिर पर यह तलवार लटकी रहती है कि भारत-जैसा बड़ा बाजार उसके हाथ से खिसक सकता है। चीनी नीति-निर्माताओं पर एक बड़ा दबाव यह भी है कि आजकल भारत पूर्व एशिया में अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जापान से जुड़कर चीन की नींद हराम क्यों कर रहा है? चीनी नेता इस तथ्य से भी चिंतित हो सकते हैं कि आजकल अमेरिकी सरकार पाकिस्तान की तरफ सामरिक और आर्थिक मदद का हाथ बढ़ा रही है। ऐसे में स्वाभाविक है कि चीन भारत के साथ संबंध सुधारने की कोशिश करे। यह तथ्य कितना रोचक है कि इस तनाव के बावजूद भारतीय, रूसी और चीनी फौजियों ने मिलकर सैन्य अभ्यास किया। गोगरा हॉटस्प्रिंग (पेट्रोलिंग पाइंट 15) से पीछे हटने का फैसला तो अच्छी शुरुआत है लेकिन उससे भी गंभीर मामला दमचोक और देपसांग का है। ये मामले पुराने हैं लेकिन इन्हें हल करना तो दूर रहा, अभी इनके बारे में दोनों पक्षों में बात भी शुरु नहीं हुई है। दोनों पक्ष अपने-अपने दांवों पर अड़े हुए हैं। भारत का कहना है कि चीनी फौजें अप्रैल 2020 में नियंत्रण रेखा पर जहां थीं, वहां चली जाएं। लेकिन चीन का कहना है कि भारतीय फौज ने उक्त तिथि तक चीनी क्षेत्र में घुसपेठ कर ली थी। इस आंशिक समझौते से यह आशा जरुर बंधती है कि दोनों पक्ष अब शेष विवादग्रस्त मुद्दों पर कम से कम बात तो शुरु करेंगे।

बुझो जानो, फिर देखो अपना प्रदेश,पर्यटन क्विज-2022 का आयोजन

मुरैना। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं शिक्षा विभाग मुरैना के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार आयोजित होने वाली मध्यप्रदेश टूरिज्म क्विज-2022 का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय मुरैना में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के कक्षा 9 से 12वीं तक के 182 विद्यालय के छात्रों द्वारा विगत माह पंजीयन कराया गया था। परीक्षा में 73 विद्यालयों के छात्रो द्वारा बढ-चढ कर हिस्सा लिया गया।

पर्यटन विकास निगम की ओर से नोडल अधिकारी अशोक शर्मा द्वारा बताया गया कि शासन निर्देशनुसार प्रात 10 से 12 बजे के बीच में छात्रों की लिखित परीक्षा आयोजित की गई। मूल्यांकन पश्चात चयनित शीर्ष 6 टीमों के मध्य मल्टीमीडिया राउंड आयोजित किया गया। इस मल्टीमीडिया राउंड का संचालन जिला क्विज मास्टर राकेश कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस राउंड में दृश्य एवं श्रव्य साधनों के माध्यम से विभिन्न 8 चक्र आयोजित किए गये, जिसमें प्रथम विजेता शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय महाराजपुर मुरैना के पवन प्रजापति, सोनम बंसल, अंबुजा सोनी, द्वितीय विजेता अशासकीय बृज बल्लभ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवी सिंह का पुरा के प्रशांत भदोरिया, आयुष कुलश्रेष्ठ, प्रियंका परमार, तृतीय विजेता ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल अंबाह के रानी शर्मा, हरिओम शर्मा, दीपक राठौर रहे। इसी प्रकार प्रथम उपविजेता अशासकीय ब्राइट कैरियर एकेडमी अंबाह के अनुराधा शर्मा, लक्षिता बघेल, भारती शर्मा, द्वितीय उपविजेता महात्मा लोचन दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबाह के देवेश शर्मा, चंद्रभान शर्मा, रमन सिंह, तृतीय उपविजेता किडीज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सबलगढ़ के लक्ष्मी जादौन, अंकित रावत, परी गर्ग रहे। विजेता एवं उपविजेता टीमों को अतिथि रविंद्र सिंह तोमर एडीपीसी रमसा, अशोक शर्मा नोडल अधिकारी मुरैना, धीरज शर्मा पर्यटन विकास विभाग मुरैना द्वारा प्रमाण पत्र, मेडल एवं राज्य में भ्रमण हेतु गिफ्ट कूपन प्रदान किए गये। प्रथम विजेता टीम द्वारा राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व किया जावेगा। क्विज के नोडल अधिकारी अशोक शर्मा ने बताया कि क्विज हेतु राज्यस्तरीय कार्यशाला में क्विज मास्टर राकेश कुमार शर्मा उपस्थित होकर प्रमाण पत्रं मेडल एवं क्विज से संबंधित समस्त नियम निर्देश से प्रशिक्षित हुए थे। पर्यटन विभाग द्वारा पुरे राज्य में एक समान प्रश्नपत्र जारी कर संपूर्ण मध्यप्रदेश के पर्यटन, पुरातत्व, धार्मिक, धरोहर से संबंधित प्रश्न शामिल किए गये।

विकलांग बल मुरैना की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

मुरैना। विकलांग बल मध्यप्रदेश के निर्देशन में मुरैना मुख्यालय पर जिला स्तरीय मासिक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विकलांग बल मुरैना की जिला उपाध्यक्ष सोनिका जौनवर द्वारा की गई। उक्त बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में विकलांग बल मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रभारी हेमंत सिंह कुशवाह मौजूद रहें। उक्त बैठक में पूर्व में जन प्रतिनिधियों व जिला प्रशासन को दिए गए। ज्ञापनों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसके अलावा विकलांग जनों को प्राइवेट बसों में सफर करते समय उनके बस ड्राइवरों व बस कंडेक्टरों के द्वारा 50 प्रतिशत किराए में छूट न दिए जाने पर दुर्व्यवहार को रोकने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया और मध्यप्रदेश में विकलांग बल को धरातल पर कार्य करने के लिए सक्रीय भूमिका निभाने वाले विकलांग साथी को पंचायतों व वार्डों में नियुक्त किया जाना प्रस्तावित हैं। विकलांग बल द्वारा कई बार मुरैना जिला के विकलांग साथियों की समस्याओं का निराकरण करवाने के लिए जिला प्रशासन को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया हैं फिर भी विकलांग जनों के प्रति जिला प्रशासन ने चुपी साद रखी है। इसलिए हम जिला प्रशासन को आखिरी बार विकलांग जनों की विभिन्न समास्याओं से अवगत करवाने के लिए पुनः विकलांग बल की ओर से पत्र आगामी मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर को सौंपेंगे। उक्त बैठक में श्रीमती हरदीप कौर जिला उपाध्यक्ष, पंकज सिकरवार जिला उपाध्यक्ष, परसराम माहौर जिला संगठन मंत्री, रामखिलाड़ी कुशवाह, सोनू, अरुण आदि मौजूद रहे।

- पत्रकार आन्दोलन -

अनिश्चित कालीन धरने को मिल रहा है जन समर्थन, शासन और प्रशासन के खिलाफ बढ़ रहा आक्रोश

मुरैना। पत्रकारों द्वारा दिए जा रहे अनिश्चितकालीन धरने को लगातार जन समर्थन मिल रहा है और आम जनता प्रशासन और शासन की नीतियों से दुःखी होकर आंदोलन को समर्थन दे रही है पत्रकार आंदोलन पिछले 5 अगस्त से लगातार जारी है। इस क्रम में 2 सितंबर से बिस्मिल संग्रहालय पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है, जिसमें रोज दर्जनों लोग उपस्थित होकर न केवल धरने में शामिल होते हैं, बल्कि हस्ताक्षर कर सरकार की नीतियों का विरोध करने के साथ-साथ कलेक्टर मुरैना बी कार्तिकेयन को हटाने की मुहिम का हिस्सा बनते हैं, क्योंकि अब जिले की आम जनता को भी यह समझ आने लगा है कि मुरैना कलेक्टर बी कार्तिकेयन जनता के प्रति जवाबदेह लोकसेवक की भूमिका में ना होकर कागजी आंकड़ों से सरकार को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। यही कारण है कि लगातार हर वर्ग का व्यक्ति अब आंदोलन में हस्ताक्षर कर धरना प्रदर्शन में शामिल होता है और कलेक्टर मुरैना को हटाने की पत्रकारों की मुहिम का समर्थन कर रहा है।

मूसलाधार बारिश में भी धरने पर रहे आंदोलनकारी पत्रकार

2 सितंबर से चल रहे अनिश्चितकालीन धरना को 11 दिन पूरे हो गए, रविवार दोपहर में मौसम ने करवट ली और शहर सहित आसपास के क्षेत्र में जोरदार बारिश हुई। इस बारिश में भी पत्रकार आंदोलन स्थल पर बैठे रहे, जिससे यह साबित होता है। कलेक्टर मुरैना को हटाने के लिए यह आंदोलन कोई औपचारिक धरना नहीं है बल्कि जिले की जनता की पीड़ा है, जो पत्रकारों के धरने के रूप में प्रशासन के खिलाफ मुखर हो रही है।

पुण्य कमाने का दीनदयाल रसोई केंद्र अच्छा साधनः डिप्टी कलेक्टर पांडेय

श्राद्ध पक्ष में पितरों की शांति के लिए रसोई केंद्र पर कराया भोजन

मुरैना। श्राद्ध पक्ष प्रारंभ होते ही दीनदयाल रसोई केंद्र पर पितरों की शांति के लिए मुरैना जिले के डिप्टी कलेक्टर एल के पांडेय ने जरूरतमंदों व्यक्तियों को अपने हाथों से सपरिवार भोजन कराया और उन्होंने इस अवसर पर कहा कि दीनदयाल रसोई केंद्र जरूरतमंदों को प्रतिदिन खाना उपलब्ध कराता है एवं विशेष अवसरों पर समाजसेवी एवं व्यक्ति विशेष द्वारा भी गरीबों को भोजन कराया जाता है। दीनदयाल रसोई केंद्र गरीबों को भोजन उपलब्ध कराने का अच्छा माध्यम और साधन है। रसोई पर प्रतिदिन जरूरतमंद व्यक्ति भोजन ग्रहण करते हैं। इसी क्रम में रविवार को मुरैना के डिप्टी कलेक्टर एल के पांडेय के पिताश्री का श्राद्ध था। इस अवसर पर उन्होंने दीनदयाल रसोई केंद्र पर पूरी, सब्जी, खीर, रायता, पक्का भोजन जरूरतमंद व्यक्तियों को कराया और कहा कि नगर निगम द्वारा संचालित रसोई केंद्र जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए वरदान साबित हो रही है। एल के पांडेय ने रसोई की व्यवस्थाओं, संचालन की तारीफ की और कहा कि रसोई का संचालन नगर निगम द्वारा बहुत अच्छे से किया जा रहा है। रसोई केंद्र के नोडल अधिकारी रहीम चौहान ने बताया कि दीनदयाल रसोई केंद्र का संचालन नगर निगम द्वारा किया जा रहा है, जहां पर प्रतिदिन जरूरतमंद गरीब व्यक्तियों को साप्ताहिक मीनू अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जाता है और विशेष अवसर पर समाजसेवी और विशेष व्यक्तियों द्वारा भोजन बनाकर गरीबों को जरूरतमंदों को खिलाया जाता है। श्री चौहान ने बताया कि कोई भी व्यक्ति श्राद्ध पक्ष अपने जन्मदिन सालगिरह के अवसर पर भी रसोई केंद्र पर अपनी पसंद का भोजन बनाकर गरीबों जरूरतमंदों को खिला सकता है।

सिहोंनिया में शांतिनाथ महा मस्तिकाभिषेक एवं वार्षिक मेला आज

अंबाह। जैन अतिशय क्षेत्र सिहोनिया जी में शांतिनाथ महा मस्तिकाभिषेक महोत्सव एवं वार्षिक मेले का आयोजन आज 12 सितम्बर को होने जा रहा है । अतिशय क्षेत्र कमेटी के परम संरक्षक जिनेश जैन द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार आज से बहुत समय पूर्व ब्रम्पचारी गुमानीलाल जी को सपना आया कि ग्राम सिहोंनिया में अमुक टीले पर जिनेन्द्र प्रभु भगवान शांतिनाथ की विशाल प्रतिमाएं दबी हुई हैं सपने के उपरांत प्रातःकाल जब ग्रामवासियों ने टीले की खुदाई की तो भूगर्भ से विशाल एवं भव्य श्री 1008 भगवान शांतिनाथ, कुंथनाथ एवं अरहनाथ की जिन प्रतिमाएं प्राप्त हुई। महामंत्री विवेक जैन बंटी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र सिहोंनिया में वार्षिक मेले का आयोजन सोमवार 12 सितम्बर को होने जा रहा है। इस पुनीत एवं पावन अवसर पर जैन धर्म के 16वें तीर्थकर श्री 1008 भगवान शांतिनाथ जी का महा मस्तिकाभिषेक भी होगा। महा मस्तिकाभिषेक के अवसर पर जैन धर्म के प्रकांड विद्वान प्रतिष्ठाचार्य पं. अजीत जी शास्त्री-ग्वालियर, पूर्व प्राचार्य पं. महेंद्र कुमार शास्त्री, डॉ. हरिश्चंद्र शास्त्री गुरुजी, पं. पवन शास्त्री दीवान, पं. राजेन्द्र शास्त्री-मगरौनी, पं. शशिकांत शास्त्री आशु, पं. महेंद्र शास्त्री, पं. संजय शास्त्री सिहोंनिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। विदित हो कि वार्षिक मेले पर सिहोंनिया में भारतवर्ष से हजारों की संख्या में जैन धर्मावलम्बी सम्मिलित होते हैं। महोत्सव के आयोजन हेतु जैन युवा क्लब द्वारा विशाल एवं भव्य तैयारियां की गई हैं। समारोह में पधारने बाले सभी साधर्मी बन्धुओं के लिए आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है।

भाजपा युवा मोर्चा पूर्व मण्डल में महामंत्री बने निखिल सविता

पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों एव समाज सेवियों ने दी बधाई

मुरैना। भाजपा युवा मोर्चा पूर्व मंडल की कार्यकारिणी अभी हाल ही में घोषित हुई हैं, जिसमें पूर्व कार्यकारिणी सदस्य निखिल सविता को पार्टी ने महामंत्री पद से नवाजा है। निखिल सविता पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में काफी समय से पूर्व मंडल में काम कर रहे हैं। वहीं युवा नेता श्री सविता की पार्टी में सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उनकी मेहनत व पार्टी कार्यों में सक्रियता के चलते दी है। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व मण्डल में महामंत्री बनने पर निखिल सविता ने भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है, महामंत्री बनते ही श्री सविता को पार्टी पदाधिकारियों, समाजसेवियों, व्यापारियों ने बधाई दी हैं। बधाई देने वालों में जिला उपाध्यक्ष खुशीलाल श्रीवास, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र श्रीवास, पूर्व पार्षद धीरज सविता, अमित श्रीवास, सतेन्द्र श्रीवास, अंकित शोसरवार, बीरेन्द्र राठौर, कृष्णकांत उच्चारिया, रविकांत राठौर, आशीष सविता, विनय श्रीवास, सूरज चौधरी, लवलेश राठौर, शामिल है।

महामंत्री निखिल सविता का हुआ भव्य स्वागतः मुरैना। भाजपा युवा मोर्चा पूर्व मंडल में महामंत्री बनने पर निखिल सविता का पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शनिवार को भाजपा पूर्व मण्डल के कार्यालय पर महामंत्री बने निखिल सविता का फूल माला पहना कर व मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा के मण्डल अध्यक्ष के अनूप जैन, सौरव तिवारी, अक्षय जैन, रविकांत राठौर, सुनील राठौर, अमित श्रीवास, बीरेन्द्र राठौर मौजूद थे।

अपने हक और अधिकार के लिए महिलाओं को संगठित करें: रीना शाक्य

मुरैना। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति समिति का जिला स्तरीय सम्मेलन मुरैना में संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन संगठन की प्रांतीय नेत्री प्रीति सिंह ने किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में महिलाओं की समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए, सभी महिलाओं को संगठित करने कि सम्मेलन में अपील की।सम्मेलन की अध्यक्षता श्रीमती सुमन शर्मा, श्रीमती उषा राठौर, उर्मिला जाटव, श्रीमती मीरा माहौर ने की। संचालन उमा नायडू ने किया। नई जिला कार्यकारिणी का भी चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष श्रीमती सुमन शर्मा, महासचिव श्रीमती रेखा पचौरी को चुना गया व 14 सदस्य जिला समिति चुनी गई। श्रीमती उमा नायडू कोषाध्यक्ष, वर्षा सागर सह सचिव, राजकुमारी जाटव उपाध्यक्ष, मीरा माहौर उपाध्यक्ष, लक्ष्मी श्रीवास, गीता शर्मा, गीता जाटव, गीता जौनवार, कुमारी दिशा, राजकुमारी जाटव, उर्मिला जाटव, मुन्नी खान कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

किसान संगठन को मजबूत बनाते हुए संघर्ष को आगे बढ़ायेंः बादल

-मध्यप्रदेश किसान सभा का 11वां जिला सम्मेलन संपन्न

सबलगढ़। मध्य प्रदेश किसान सभा का 11वां जिला सम्मेलन साथी दोजीराम जाटव नगर दीवान पैलैस में संपन्न हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ वरिष्ठ किसान नेता साथी जेके पर पलने ध्वजारोहण कर किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के सह सचिव बादल सरोज ने कहा कि वर्तमान में सरकार नव उदारवादी नीतियों के जरिए खैती को बर्बाद करने पर आमादा है, हमें इसका पुरजोर विरोध करना चाहिए। इसके लिए गांव-गांव में किसानों का संगठन बनाना होगा और संगठन को मजबूत बनाते हुए संघर्ष को आगे बढ़ाना होगा। सम्मेलन का उद्घाटन मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी ने किया। उन्होंने देश में किसान आंदोलन का इतिहास का हवाला देते हुए भविष्य में सरकार की कृषि विरोधी नीतियों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की। सम्मेलन में नयी जिला समिति का चयन किया गया, जिसमें अध्यक्ष जेके पिप्पल, कार्यकारी अध्यक्ष गयाराम सिंह धाकड़, जिला महासचिव मुरारी लाल धाकड़ चुने गए। सम्मेलन में राज्य सम्मेलन के लिए प्रकृति और दर्शन भी चुने गए। सम्मेलन की अध्यक्षता रामनिवास शर्मा, गयाराम सिंह धाकड़, आदिराम आर्य ने की।

अगर किसी निर्दोष पर लगाया झूठा एस सी-एस टी मुकदमा तो श्री राजपूत करणी सेना करेगी उग्र आंदोलन

कैलारस। क्षेत्र में विगत कुछ दिनों से देखने में आ रहा है कि कुछ जाति विशेष के छुटभैया नेताओं के द्वारा समाज में सामाजिक सौहार्द और सामाजिक एकता को बिगाड़ने की मंशा से अलोकतांत्रिक तरीके से तथ्यों को झुठलाकर उन्हें तोड़ मरोड़ कर भोले-भाले वाले लोगों को बहला कर अनाधिकृत आंदोलन और धरना प्रदर्शन किए जा रहे हैं व शासन-प्रशासन पर निर्दोष लोगों पर मुकदमा लगाने का दबाव बनाया जा रहा है। इस क्रम में सौरभ सिंह सिकरवार जिला अध्यक्ष श्रीराजपूत करणी सेना मुरैना अपने सहयोगी धर्मेंद्र सिकरवार जिला कार्यकारी अध्यक्ष एवं विभिन्न सामाजिक संगठन जैसे विश्व हिंदू परिषद के नगर संयोजक भानु प्रताप सिंह जादौन, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा एवं परशुराम सैना के प्रदेश सचिव विक्की उपाध्याय के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शासन व प्रशासन को आगाह किया जाता है कि आप प्रत्येक ऐसे मामले की निष्पक्ष जांच करें और आरोपी पर कठोर से कठोर कार्रवाई करें, परंतु किसी भी निर्दोष को झूठे एससी एसटी एक्ट में न फंसाया जाए अगर ऐसा होता है तो श्रीराजपूत करणी सेना सवर्ण समाज के संगठनों के साथ मिलकर शिव प्रताप सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष श्रीराजपूत करणी सेना मध्य प्रदेश के नेतृत्व में कैलारस मुरैना से लेकर संपूर्ण मध्यप्रदेश और संपूर्ण भारत में इसका विरोध दर्ज कराएगी और उग्र आंदोलन करेगी।

जिला अध्यक्ष श्रीराजपूत करणी सेना ने बताया कि हाल ही में एक मामला ग्राम पंचायत पचोखरा जनपद पहाड़गढ़ का संज्ञान में आया है जिसमें कि जाटव समाज के युवक का असमय हार्ट अटैक आने से निधन हो गया था, मृत्यु की पुष्टि मेडिकल बोर्ड के द्वारा हार्ट अटैक से होना बताई गई है, परंतु कुछ तथाकथित नेताओं के द्वारा समाज का माहौल खराब करने और जातिवाद का ध्रुवीकरण करके अपनी राजनीति चमकाने के उद्देश्य से शासन-प्रशासन पर लगातार अलोकतांत्रिक तरीके से धरना करके दबाब बनाया जा रहा है और निर्दोष लोगों पर कार्रवाई करने का षड्यंत्र रचने की कोशिश की जा रही है, परंतु श्री राजपूत करणी सेना उनको इन मंसूबों में सफल नहीं होने देगी और शासन-प्रशासन से भी निवेदन करती है।

कड़े मुकाबले मे सेंट बेनेडिक्ट विजयी एवं शा उमावि भोंती ने पाया द्वितीय स्थान

ि ज के साथ साथ केरियर मार्गदर्शन का दिया संदेश

जिला स्तरीय मध्य प्रदेश पर्यटन ि ज प्रतियोगिता का आयोजन

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-10 सितंबर 2022 को अशासकीय गीता पब्लिक स्कूल फतेहपुर रोड शिवपुरी मे किया गया । जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृतिक् परिषद (डी ए टी सी सी) शिवपुरी एवं मध्य प्रदेश ट्रेरिजम बोर्ड भोपाल के सयुक्त तत्वाधान मे आयोजित प्रतियोगिता कलेक्टर शिवपुरी अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन एवं क्लिज प्रतियोगिता की नोडल अधिकारी श्रीमती शिवागी अग्रवाल एवं सचिव जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति के मार्गदर्शन मे कक्षा 9 से 12 तक के स्कूलो मे पढ़ने बाले बच्चे मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों, बिरासत एवं स्वतंत्रता संग्राम सैनानीयों सहित मध्य प्रदेश के संबंध मे परिचित हो सकें, इसके लिए जिला स्तरीय प्रतियोगता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में 179 दलों ने एवं 537 बच्चों ने भाग लिया । प्रतियोगिता मे सर्व प्रथम 10 से 12 बजे तक लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया लिखित परीक्षा परिणाम के आधार पर कुल 6 शालाओ की टीमों का चयन किया गया जिसमे रंगढ़ रैनवो उमावि शिवपुरी , बाल शिक्षा निकेतन शिवपुरी , सेंट बेनेडिक्ट शिवपुरी , जवाहर नवोदय विधालय नरवर , शा उमावि भोंती एवं अशासकीय हैप्पी डेज शिवपुरी द्वारा लिखित परीक्षा उच्चतम स्कोर के कारण औडियो विजुअल राउंड हेतु चयनित हुए । जिन्हे वांणगंगा , चाँद पाठा , भूरा खो , भदैयाकुंड, पवा एवं छत्री के पर्यटन केंद्रों के नाम से अंकित किया गया

लिखित परीक्षा के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला का आयोजन किया गया जिसमे ईस्टर्न हाइस्ट स्कूल द्वारा देश भक्ति गीतों के माध्यम से संमा बांधा, उसके बाद अशासकीय हैप्पी डेज शिवपुरी द्वारा स्वच्छता को लेकर नुक्कढ़ नाटक के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी गई एवं गीता पब्लिक स्कूल द्वारा वृक्ष बचाओ को लेकर भावुक प्रस्तुति दी गई, इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों द्वारा उपस्थित दर्शक गणों को जन जागरूकता का संदेश दिया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात जिले के विभिन्न क्षेत्र से आने बाले प्रतियोगी बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण करने के लिए कोटिल्य अकेडमी ग्वालियर-चम्बल संभाग के जोनल हेड डॉ तरुण शर्मा द्वारा 10क्लृद्ध एवं 12क्लृद्ध के बाद किन किन क्षेत्रों मे अपना जीवन संभाला एवं सवांरा जा सकता है के संबंध मे अपने उद्बोधन के माध्यम से 500 से अधिक स्कूली बच्चों का मार्गदर्शन किया जिससे वह

बेहतर भविष्य को चुनकर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें शासकीय पोलीटेक्निक कॉलेज एवं आई टी आई शिवपुरी से पधारे शिक्षक गणों द्वारा तकनीकी क्षेत्र मे केरियर बनाने हेतु छात्रों का मार्गदर्शन किया । इसके पश्चात पर्यटन क्विज के औडियो विजुअल राउंड के शुरुआत 2-30 बजे से की गई जिसमे मध्य प्रदेश के विभिन्न पर्यटक स्थल, परंपराओं, संस्कृति, गीत संगीत एवं फिल्मों से संबंधित प्रश्न पूछे गए । विभिन्न प्रकार के 8 राउंड के कड़े संघर्ष के बाद सेंट बेनेडिक्ट स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमे संस्था की ओर से शिवानी लोधी , राजुल भारद्वाज एवं मानसी जाट ने समझदारी का परिचय देते हुए अंतिम चरण मे शा उमावि भोती को द्वितीय स्थान पीछे करके विजय प्राप्त की, शा उमावि भोती अमन कछुवारे, राधिका गुप्ता एवं इशू साहू ने शानदार तरीके से मुकाबले को खेला । कड़े संघर्ष मे तृतीय एवं चतुर्थ स्थान के लिए रंगढ़ रैनवो एवं बाल शिक्षा निकेतन के मध्य टाई हुआ जिसमे रेपिड फायर राउंड के आधार पर रंगढ़ रैनवो की ओर से देवांश गुप्ता ,काव्या सोनी एवं देव शर्मा ने बाजी मारी अंतिम पाँचवे एवं छटे स्थान हेतु जवाहर नवोदय एवं हैप्पी डेज शिवपुरी ने समान अंक प्राप्त किए जिसमे जवाहर नवोदय पाँचवे एवं हैप्पी डेज शिवपुरी छटवे स्थान पर रहा । बच्चों के शानदार प्रदर्शन को देखकर मंचासीन अतिथि एवं उपस्थित दर्शक गंण बहुत आनंदित हुए एवं तालीयो के गडगढ़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया ।

औडियो विजुअल राउंड के सफल संचालन हेतु क्विज मास्टर राकेश कुलश्रेष्ठ प्राचार्य कोलारस एवं सुदर्शन गुप्ता एवं एम आई एस हेमंत खटीक की टीम का योगदान रहा । कार्यक्रम मे उपस्थित मुख्य अतिथि अरविन्द शाह (प्रशिक्षु आई ए एस) उपस्थित रहे एवं अपने प्रेरणादाई उद्बोधन मे स्थान प्राप्त करने बाले बच्चों को बधाई दी । विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया एवं डिप्टी कलेक्टर एवं सचिव डी ए टी सी सी शिवपुरी श्रीमती शिवांगी अग्रवाल ने अपने उद्बोधन मे कार्य करने बाली समस्त टीम को बधाई दी । प्रथम स्थान पर आने बाली टीम को कोटिल्य अकेडमी ग्वालियर- चम्बल संभाग के जोनल हेड डॉ तरुण शर्मा द्वारा 2100/- रुपए का नगद पुरुस्कार दिया गया , मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा विजेता एवं उप विजेता टीमों को मध्य प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलो पर भ्रमण हेतु एम पी टी डी सी सी को होटल मे नि:शुल्क रुकने एवं भोजन आदि के कूपन प्रदाय किए गए । कार्यक्रम की समस्त व्यवस्था सीएमओ बदरवास एवं सहायक नोडल अधिकारी सौरभ गौड़, सहायक संचालक विमल श्रीवास्तव एवं क्रीडा अधिकारी महेंद्र सिंह तोमर एवं बी आर सी सी अंगद सिंह तोमर के मार्गदर्शन मे उनकी टीम के द्वारा कराई गई । सांस्कृतिक कार्यक्रम मे प्रस्तुति एवं स्कूल उपलब्ध कराने हेतु संचालक पवन शर्मा एवं प्राचार्य दिलीप शिर्धोरे को मुख्य अतिथि द्वारा मंच से पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति हेतु ईस्टर्न हाइट्स , हैप्पी डेज शिवपुरी, गीता पब्लिक स्कूल एवं केरियर मार्गदर्शन देने के लिए कोटिल्य अकेडमी ग्वालियर-चम्बल संभाग के जोनल हेड डॉ तरुण शर्मा को पौधा एवं स्मृति चिन्ह देकर समाणित किया गया पोलीटेक्निक कॉलेज से श्रीमती आशा पौधा सौंप कर सम्मानित किया गया ।

ऊमरी पुलिस ने खाद की कालाबाजारी करते हुए दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

65 बोरी खाद एवं ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त, थानाप्रभारी विनय सिंह तोमर की कार्यवाही

उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन में एवं डीएसपी हेड क्वार्टर अरविन्द शाह के मार्गदर्शन में लगातार खाद कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये जा रहे है। थानाप्रभारी ऊमरी विनय सिंह तोमर के मुताबिक आज दिनांक 10 सितम्बर 022 सूचना मिली कि ग्राम बीसलपुरा में ट्रैक्टर में भरकर खाद की बोरियां कालाबाजारी हेतु भण्डारण करने हेतु जा रही है। उक्त सूचना पर

प्रेस नोट

जनसी पुलिस ने खाद (उर्वरक) कालाबाजारी करते हुए दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, 65 बोरी खाद एवं ट्रेक्टर ट्रोली को किया जप्त ।

थाना ऊमरी पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली थी कि ग्राम बीसलपुरा में ट्रैक्टर में भरकर खाद की बोरियां कालाबाजारी हेतु भण्डारण करने हेतु जा रही है। उक्त सूचना पर से ऊमरी पुलिस एवं उर्वरक निरीक्षक विकास खण्ड भिण्ड के साथ सूचना की तस्दीक हेतु ग्राम बीसलपुरा पहुंचकर तस्दीक की गई, तो एक ट्रैक्टर आयशर 485 जिसकी ट्राली में 55 बोरी डीएपी खाद व 10 बोरी यूरिया खाद मिली, जिसके संबंध में ट्रैक्टर चालक व ट्रैक्टर पर बैठे ट्रैक्टर मालिक से उक्त खाद को परिवहन करने व खरीदी बिक्री व भण्डारण करने के संबंध में दस्तावेज चाहे गये तो उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा कोई कागजात पेश नही किये गये। आरोपीगणों का यह कृत्य रासायनिक उर्वरक को अवैध रूप से परिवहन कर अवैधानिक रूप से बेचने का पाये जाने से उक्त खाद व ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विनय सिंह तोमर थाना प्रभारी ऊमरी, उपनिरीक्षक मलखान सिंह, प्रधान आरक्षक आशीष तिवारी, आरक्षक संतोष जाट, भानु प्रताप सिंह, राहुल तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

पिछड़ा वर्ग महासंघ जिला शिवपुरी का एक दिवसीय कैडर प्रशिक्षण हुआ संपन्न

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-आज गोपाल जी मैरिज गार्डन पोहरी बस स्टैंड में पिछड़ा वर्ग महासंघ के कैडर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें शिवपुरी जिले के विभिन्न ब्लॉकों से सैकड़ों की संख्या में पिछड़ा वर्ग के युवाओं ने हिस्सा लिया और आने वाले समय में होने वाले आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई संगठन पदाधिकारी अनिल कुशवाहा पत्रकार एवं भवर धाकड़ द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण वर्ग में पिछड़े वर्ग के महान क्रांतिकारियों एवं बाबासाहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए प्रशिक्षण पिछड़ा वर्ग कोर कमेटी सदस्य हेमंत यादव बड़ौदी द्वारा बताया गया कि हमारे वर्ग के साथ आजादी के समय से ही भेदभाव किया गया है जो अधिकार

बाबासाहेब ने हमारे वर्ग को दिए उन अधिकारों पर किसी भी सरकार द्वारा काम नहीं किया गया अब हम युवाओं से अपील करते हैं संविधान में दिए गए अधिकारों के प्रति सजग रहें और अपने अधिकार के लिए गांव गांव और पिछड़े वर्ग के प्रत्येक समाज को संगठित कर वर्ग के साथ काम करने के लिए प्रेरित करें जिससे हमें हमारे अधिकार मिल सकें, जनक सिंह रावत युवाओं से आग्रह किया आप गांव गांव जाकर शिक्षा प्रचार प्रसार करें शिक्षित समाज ही समाज के साथ-साथ वर्ग के लिए संगठित होकर अपने अधिकार पा सकता हैद्य प्रभात झा ने गांव गांव में पिछड़ा वर्ग समाज को कैसे जागृत किया जाए इस विषय पर जोर दिया गया अनिल कुशवाह पत्रकार द्वारा कहा गया कि आने वाले समय में होने वाली जनगणना मैं पिछ्ला वर्ग की जातिगत जनगणना कराई जाए इसके लिए भी सभी ने संकल्प लिया हरिओम रावत, शुभम गुर्जर कि कहां की अगर जातिगत जनगणना नहीं कराई गई तो भविष्य में होने वाली जनगणना का हम बहिष्कार करेंगे प्रशिक्षण वर्ग को पवन राजपूत ,जंडेल यादव, मुलायम यादव, मोहित यादव ,कोमल यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

गायो की सेवा कर मनाया श्राध्द पक्ष ....

पुष्पांजली टुडे

मैसुरु- जिले के बनूर में समाजसेवी डॉ. महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने अपने पिता स्व.कान सिंह सिया का 13 वां. श्राध्द पक्ष मनाया गया द्य विभिन्न गौशालाओ में गायो के चारा-पानी हेतु आर्थिक सहयोग दिया द्य महेन्द्र सिंह राजपुरोहित द्वारा

पर्यावरण संरक्षण,जंगली जीव- जंतु,पशु-पक्षियों तथा असहाय लोगों,विद्यार्थीयो के लिए हर संभव सहायता करते आ रहे हैं द्य लॉकडाउन के दौरान राशन सामग्री के पैकेट वितरित किए गए थे द्य असहाय लोगों के लिए उनके इलाज हेतु चिकित्सीय सेवाएं भी निशुल्क प्रदान करते आ रहे हैं द्य विकलांग,मूक-बधीर लोगों के लिए सहायता करते रहे हैं द्य नेत्र जांच शिविर,स्वास्थ्य जांच शिविर,रक्तदान शिविर आयोजनों में अपना भरपूर सहयोग दिया जा रहा है द्य पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न स्थानों की बंजर भूमि पर बड़ी संख्या में पौधारोपण कर क्षेत्र को हरा-भरा बनाया गया द्य इस अवसर गोविंद पारीक, दिलिप पारीक, गवरी देवी, महेन्द्र सिंह- संतोष कंवर, राजेश सिंह- रेखा कंवर,राजेन्द्र सिंह -मंजुलता, शक्ति सिंह-सरोजादेवी,दिनेश सिंह- शारदादेवी, रोशन सिंह, दर्शन सिंह, विराट सिंह, प्रतिक सिंह, कंगना सिंह, वन्या सिंह आदि उपस्थित रहे

स्वास्थ्य शिविर लगाकर किया बुजुर्गजन के जटिल रोगों का निवारण

रघुवर दयाल गोहिया पुष्पांजली टुडे

विदिशा/भोपाल। महीने के एक दिन स्वास्थ्य शिविर लगा कर बुजुर्गजन के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए संकल्पित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने पुराना जिला चिकित्सालय स्थित श्री हरि वृद्ध आश्रम में 11सितंबर को ग्यारहवां स्वास्थ्य शिविर लगाया। इस दौरान बुजुर्गों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को सुना ओर उनके अनेक जटिल रोगों की समस्या का निवारण कर चिकित्सा सम्बन्धी व्यवस्था की। इस अवसर पर उन्होंने 2 भोजन करने की स्टील टेबल भी बुजुर्गजन के लिए भेंट की। इस अवसर पर एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ डी के शर्मा ने कहा कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रमुख संकल्पों में से एक है वृद्ध आश्रम के प्रत्येक बुजुर्ग की

स्वास्थ्य संबंधी समस्या का निराकरण हो। अब तक लगाए ग्यारह स्वास्थ्य शिविरों में अनेक

उल्लेखनीय कार्य किये गए हैं। जिनमे आश्रम के दादा श्री राम चन्द्र विश्वकर्मा का प्रोस्टेट ऑपरेशन का प्रयास सफल रहा।

कई दिनों से पीठ के दर्द से ग्रस्त श्रीमति पूना बाई विश्वकर्मा अब ठीक से चलने लगी हैं। बिरजेंद्र शर्मा जी का हाथों की उंगलियों के ऑपरेशन सफलता पूर्वक किये गए एवं अनेक माताओं की ब्लड शुगर अब नॉर्मल रहने लगी है। ब्लड प्रेशर की एक आम समस्या यहां थी जो अब मिलने वाले उपचार से बीपी नॉर्मल रहने लगा है। इस अवसर पर आश्रम अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा शर्मा ने कहा कि इंडियन मेडिकल एसोसिएस्न ने बुजुर्गों की समस्या का समाधान किया है और समय समय पर बुजुर्गों की आवश्यकताओं दैनिक वस्तुओं की पूर्ति भी की है। चिकित्सा के क्षेत्र में आपका महत्वपूर्ण योगदान के लिए हम ह्रदय से आपके आभारी हैं।

आश्रम संचालक श्री वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने लगातार योगदान बुजुर्गों के बेहतर स्वास्थ्य में एक नई जान फूंक रहा है। आज आपके माध्यम से बुजुर्गों के स्वास्थ्य में बढ़ोत्तरी आयीं है। स्वास्थ्य शिविर में कई वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित थे।

कार्यक्रम को डब्ल्यू एच ओ के कंसल्टेंट डॉ शेखावत भारती, आर्थोपिडिक्स डॉ राहुल जैन, सचिव डॉ संजय करार, डॉ प्रदीप गुप्ता, डॉ सोनकर आदि ने भी संबोधित किया।

दबोह में पुलिस-बदमाशों में मुठभेड़- पुलिस ने घेराबंदी की तो जान बचने के लिए कुएं में फेंके हथियार

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह- भिंड जिले की दबोह पुलिस ने शनिवार को मुठभेड़ के बाद चार बदमाशों को दबोचा है।बदमाश एक सप्ताह से किसानों से मारपीट कर उन्हें लूट रहे थे।सभी बदमाश एक ही गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने घेराबंदी की तो सबसे पहले इन्होंने फायर किया।जब पूरी तरह से घिर गए तो हथियारों को कुएं में फेंककर भागने लगे।पुलिस पीछे दौड़ी तो पथराव भी किया।पुलिस मौके से हथियारों की बरामदी के लिए कुएं को खंगाल रही है।इन बदमाशों का आपराधिक रिकॉर्ड भी तलाशा जा रहा है।

बदमाशों ने पुलिस पर चलाई गोली

लहार एसडीओपी अवनीश बंसल का कहना है कि ये बदमाश स्थानीय हैं। लवे किसानों से मारपीट कर लूटपाट करते थे। रात में पुलिस ने जब बदमाशों को पकड़ने के लिए दबिश दी। ये बदमाश खेतों पर बिछी चारपाई पर सो रहे थे। पुलिस की आहट से सभी खेत पर बने एक कमरे में जा छिपे। यहां से उन्होंने पुलिस पर हवाई फायर किए। दो से तीन राउंड फायर किए गए। इसके बाद पुलिस ने जब घेराबंदी की तो इन सभी ने कुएं में हथियार फेंक दिए। जब पुलिस बदमाशों को पकड़ने कमरे के नजदीक पहुंची तो उन्होंने पथराव भी किया।

खेतों पर जाने से डरते थे किसान

बदमाशों में एक फरदुआ गांव का रहने वाला है। पुलिस और बदमाशों की मूठभेड़ फरदुआ व करियावली के खेतों के पास की है। ये फरदुआ के एक किसान की खेत में बनी झोपड़ी में छिप गए थे। इन बदमाशों का मूवमेंट एक सप्ताह से अरूसी, रूरई, फरदुआ, करियावली, लोटमपुरा, निसार,चुरली के हार में था।फिलहाल तो पूरी घटना के बाद शनिवार की शाम

07 बजे भिण्ड एसपी शैलेन्द्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर गांव में जाकर घटना का जायजा लिया व किसनों से बातचीत भी की।

इन पर हुई कार्यवाही

पूरे मालमे में थाना पुलिस दबोह ने रामनरेश पुत्र रामजीलाल उम्र 40 वर्ष,अखिलेश पुत्र रामकुमार शर्मा उम्र 45 वर्ष,शिवम पुत्र रमेश शर्मा उम्र 20 वर्ष,राजीव पुत्र रामकुमार शर्मा उम्र 34 वर्ष,कल्लू उर्फ अवधेश पुत्र धूव शर्मा उम्र 35 वर्ष,राजू शर्मा पुत्र वनमाली शर्मा सभी निवासी ग्राम फरदुआ थाना दबोह जिला भिण्ड के ही हैं।उक्त आरोपियों पर धारा 147,148,149,25/27,336 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई।

देवभोग के नए बी. ओ. होंगे देवनाथ बघेल क्षेत्र के सभी शिक्षकों में खुशी की लहर छाई

पुष्पांजली टुडे

गरियाबंद जिला देवभोग विकासखंड के तत्कालीन बी ओ प्रदीप कुमार शर्मा के खिलाफ वित्तीय अनियमितता पाए जाने के चलते उन्हें देवभोग के बी ओ पद से निलंबित किया गया है ।और उनके स्थान पर देवभोग के नए बी ओ देवनाथ बघेल को आदेशित किया गया है छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक ए एफ वन 44 / 20/22 / 20/22 के तहत श्री देवनाथ बघेल सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी देवभोग को विकास खंड शिक्षा अधिकारी देवभोग के पद पर आदेशित किया गया है? श्री देवनाथ बघेल पहले भी ए बी ओ के पद पर कार्यरथ थे देवनाथ बघेल सरल व सहज

कार्यालय,
संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग रायपुर (छ.ग.)
शिक्षक सिद्ध परिसर, नया रा.मि. कला उच्च शिक्षा नगर रायपुर
दूरभाष क्रमांक 271-2221209 ... 7 SEP 2022
— आदेश —
क्रमांक/ सं0/ वि.वि.अधि./2022 / 3365
रायपुर दिनांक
संदर्भ: संभाग संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग रायपुर कार्यालय ज्ञापन, नगर पालिका अध्यक्ष देवभोग जिला गरियाबंद के पत्र क्रमांक 1111/ 2022 / 20/22 के संदर्भ में अवैध भुगतान प्रकरण में विभागीय जिला अधिकारी, देवभोग जिला गरियाबंद के विरुद्ध प्रारंभिक जांच में दिनांक 2/8/2022 को संभाग संयुक्त संचालक शिक्षा रायपुर के दिनांक अधिकारियों की सूचि में पदस्थापना निरीक्षित किया गया है। श्री प्रदीप शर्मा के निलंबन के कारण उनका पद रिक्त की दिनांक भरित शिक्षाधिकारी जिला अधिकारी - देवभोग जिला गरियाबंद को अस्थायी आदेश जारी किया जाता है। जिला शिक्षा अधिकारी - देवभोग के पद पर श्री देवनाथ बघेल सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी देवभोग को पदस्थापित किया जाता है। श्री देवनाथ बघेल को अस्थायी आदेश जारी किया जाता है। अस्थायी आदेश का पालन करें।
क्र. अधिकारी का नाम / पदनाम — पदस्थापन का पद
1. श्री देवनाथ बघेल, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी देवभोग, जिला - गरियाबंद(अस्थायी) — जिला देवभोग जिला गरियाबंद (छ.ग.)
यह आदेश सक्षम प्राधिकारी द्वारा।
7 SEP 2022
(संदीप)
संभागीय संयुक्त संचालक
(शिक्षा संभाग- रायपुर(छ.ग.))
रायपुर दिनांक
7 SEP 2022
क्रमांक/ सं0/ वि.वि.अधि./2022 / 3366
प्रतिलिपि:-
1. प्रोग्रामर, लोक शिक्षण संचालनालय ,इन्द्रावती भवन ,अटल नगर नई राजधानी पालन का सादर सूचनार्थ।
2. सहायक जिला परियोजना की सादर सूचनार्थ।
3. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला - गरियाबंद की सूचनार्थ।
4. श्री देवनाथ बघेल, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी - देवभोग जिला परियोजना की सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
संभागीय संयुक्त संचालक
(शिक्षा संभाग- रायपुर(छ.ग.))

स्वभाव के व्यक्ति है इसके चलते उन्हें आज देवभोग शिक्षा विभाग के उच्च पद पर नियुक्त हुए है उनके देवभोग के नए बी ओ बनने पर क्षेत्र के सभी शिक्षकों व जन समुदाय में खुशी का माहौल है खासकर क्षेत्र के समाज के लोगों में खुशी की लहर है और समाज के लोग मैं उनको बधाई देने का ताता लगा हुआ है देवभोग विकासखंड के समस्त शिक्षको ने खुशी जाहिर करते हुए नए देवभोग के बी ओ का स्वागत दिल से किए और खुशी जाहिर की विकास खंड शिक्षा अधिकारी के पद भार ग्रहण करने पर ब्लॉक के शिक्षक श्री चुन्नी लाल सोनवानी, टीके राम स्वर्ण, वीरेंद्र सोनवानी, यशवंत बघेल , खाम सिंह ध्रुव, श्री ओमकार नागेश चंदर प्रधान, देवेंद्र ताँडिल व क्षेत्र के सभी शिक्षकों ने श्री देवनाथ बघेल को बधाई व शुभकामनाएं दी

हाथियों का झुण्ड दे रहा है दस्तक द्य

रिपोर्टर हेमचंद नागेश

मैनपुर। हाथियों ने क्षेत्र में दे रही है दस्तक, हाथियों के दस्तक से किसान को हो रही भारी नुकसान व राहगीर को हो रही परेशानी मैनपुर के कोदोमाली और राजा पड़ाव के बीच बड़ी संख्या में हाथियों का दल जंगल के बीच सड़क पर कर रहे हैं विचरण द्य लोगों को आने जाने में है जोखिम ,लगातार हाथियों का दल जंगल में दिखाई देने पर बिजली की समस्या भी समय पर नहीं हो रही हल द्य जिसके कारण 2 दिनों तक बिजली गुल की समस्या बनी रही द्य बिजली विभाग के कर्मचारियों ने पहले चाहे कितनी रात हो बिजली की समस्या को जाकर बहाल करते थे पर अब हाथियों की दस्तक से बिजली विभाग रात में अपना काम कर नहीं पा रही है इतनी ही नहीं किसानों फसल को क्षति कर किसानों को चिंता बढ़ा दी है एक किसान की मक्का की फसल को पूरी तरह हाथियों के झुण्ड ने बर्बाद कर दी है और घर, झोपड़ी को तहस नहस कर रही है जिसके कारण क्षेत्र में बहुत खतरा बनी हुई है द्य शासन प्रशासन को जल्द संज्ञान लेकर कुछ उपाय करनी होगी अन्यथा मैनपुर क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है ल

स्वच्छता नोडल प्रभारी ने नगर में चलाया सफाई अभियान

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह–बरसात के मौसम को देखते हुए नवीन नगर परिषद दबोह द्वारा सफाई अभियान बड़े ही जोर शोर से जारी है।इस दौरान उपाध्यक्ष

हाकिम सिंह चौधरी के आदेशानुसार स्वच्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर के निर्देशन में नगर की पहचान बरकरार रखने वाले करधेन तालाब की साफ सफाई कराई गई।श्री खेंगर ने बताया कि इसी क्रम में वार्ड नम्बर 14 में पानी की टँकी के पास गन्दगी की सूचना लागतार मिल रही थी जिसके चलते वहां भी सफाई अभियान चलाया गया।इसी के साथ वार्ड नम्बर 14 में ही नाले की सफाई भी कर्मचारियों के द्वारा कराई गई।साथ ही उन्होंने बताया कि करधेन तालाब पर लगातार सफाई कार्य जारी है।

महिलाओ ने मनाया गणपति विसर्जन उत्सव

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर–अग्र चेतना समिति(किला गेट)में गणपति विसर्जन उत्सव बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया।जिसमें सभी महिलाओं ने मिलकर गणपति जी को सामूहिक भोग लगाया और प्रसाद वितरित

किया सभी महिलाएं महाराष्ट्रीयन लुक में तैयार होकर आई।जिसमें गणपति सजाओ प्रतियोगिता रखी।कहीं बच्चे गणेश जी का रूप धारण कर के आए।सभी महिलाओं ने मिलकर गणेश जी की आरती उतारी और धूमधाम के साथ नाच गाने के साथ गणपति जी का विसर्जन किया और लावणी का आनंद उठाया।सभी महिलाओं ने हाउजी खेली और कई प्रतियोगिताएं खेली सारा प्रोग्राम अध्यक्ष प्रीती विंदल, सुनीता बंसल,पूर्णिमा अग्रवाल के सानिध्य में किया गया।सभी प्रोग्रामों की संयोजिका नीलम गोयल,रीना मित्तल,मधु अग्रवाल,नीतू गोयल,एकता अग्रवाल ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया।विजेताओं के नाम गणेश जी सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुनीता बिंदल,द्वितीय नेहा,पूजा अग्रवाल।महाराष्ट्रीयन लुक में प्रथम स्थान कल्पना अग्रवाल,द्वितीय अलका गुप्ता।प्रातः वंदना सिंगल नृत्य प्रतियोगिता में अर्चना अग्रवाल को सराहनीय पुरस्कार दिया गया।पंचवटी विनर गरिमा अग्रवाल गणपति स्वरूप में बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

युवक ने टैक्सी चालक के साथ दिखाई रंगदारी तोड़फोड़ कर टैक्सी चालक से छीने रुपए

संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार

टीकमगढ़। पुरानी टेहरी तालाब के पास युवक द्वारा टैक्सी चालक के साथ गाली गलौज एवं उसकी टैक्सी के कांच को तोड़-

फोड़ कर टैक्सी चालक जेब से रुपए निकालने का मामला सामने आया टैक्सी चालक वाहिद खान द्वारा बताया गया है कि जब वह अपनी टैक्सी का पपौरा चौराहा से पुरानी टेहरी की ओर जा रहा था तभी तालाब के पास एक युवक द्वारा उसकी टैक्सी कांच पर हाथ मारा जिससे कांच टूट गया और उसके द्वारा चालक के साथ गाली गलौज एवं मारपीट भी की और उसकी जेब में से रुपए भी निकाल लिए गए चालक द्वारा कोतवाली थाने में आवेदन दिया है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है

कमलनाथ बोले- भाजपा अब राहुल गांधी के जूतों पर आएगी

शिवराज कलाकार किंग से घोटाला किंग बने

भोपाल। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी की टी-शर्ट को लेकर किए गए ट्वीट पर पूर्व सीएम कमलनाथ भाजपा नेताओं पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा, भाजपा के पास कहने को कुछ नहीं बचा है। इसलिए अभी टीशर्ट पर आए हैं, कल ये लोग जूतों पर आ जाएंगे। भाजपा के लोग यह नहीं बताएंगे कि भारत जोड़ो यात्रा में कितने लोग हमारे साथ चल रहे हैं। उन्होंने पूर्व सीएम उमा भारती को भी यात्रा से जुड़ने का न्योता दिया। उमा ने शुक्रवार को कहा था कि कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा को शुरू करने में लेट हो गई। कांग्रेस के प्रकोष्ठों और विभागों की समीक्षा बैठक के बाद नाथ ने कहा, भाजपा के पास पुलिस, पैसा और प्रशासन है। मैं रोज सौ लोगों से मिलता हूं। उनकी व्यथा सुनता हूं। किस प्रकार से नियुक्ति, रोजगार के लिए रोज परेशान होना पड़ रहा है। एमपी में रोजगार और अपॉइंटमेंट के लिए रेट फिक्स है और ग्रेस मार्क्स देकर भर्ती हो जाती है। ये सब बातें आज सामने आ रही हैं। शिवराज सिंह कलाकारी किंग थे, अब घोटाला किंग बन गए हैं।

सीएजी की रिपोर्ट पर सरकार के पास जवाब नहीं: 12 अगस्त को पोषण आहार की रिपोर्ट सीएजी ने सरकार को भेजी और कहा 15 दिन में जवाब दीजिए। सीएजी ने नोटिस देकर जवाब मांगा था, लेकिन सरकार के पास कहने के लिए कुछ नहीं था इसलिए जवाब ही नहीं दिया। ऐसे मामलों में लीपापोती करने के लिए कह देते हैं, एफआईआर दर्ज करेंगे और थाने में कह देंगे कुछ मत करना। क्या एडमिनिस्ट्रेशन ऐसा होना चाहिए कि जब घोटाला सामने आए तभी सीएम से इस पर जवाब मांगें। ये घोटाले होने के इंतजार में बैठे रहते हैं।

कमलनाथ ने सारंग को दिया जवाब: मंत्री विश्वास सारंग के बयान पर कमलनाथ ने कहा, मेरी 45 साल की राजनीति में कोई उंगली नहीं उठा सकता। ये तो स्पष्ट है इनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है। मेरे से उनके पेट में क्यों दर्द होता है।

मप्र में सामाजिक न्याय की कमी: उमा भारती द्वारा जातीय संतुलन बिगड़ने की बात पर कमलनाथ ने कहा, उमा जी ने सही कहा है, मप्र में सामाजिक न्याय की कमी है। सामाजिक न्याय की बहुत जरूरत है। मप्र जैसा प्रदेश, जिसमें इतनी विविधता है। राजस्थान, केरल, हरियाणा में इतनी विभिन्नता नहीं है। भाजपा को हर समाज के नेता चुनौती दे रहे हैं। जैसे समय करीब आता जाएगा, इनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक जाएगी।

जल विहार महोत्सव गोरमी की ऐतिहासिक धरोहर है: कुशवाहा

संतोष सिंह भदोरिया
दैनिक पुष्पांजलि टुडे

गोरमी। गोरमी नगर की ऐतिहासिक जल विहार महोत्सव समापन कार्यक्रम नगर के धुरकोट मंदिर स्थित मेला रंगमंच पर आयोजित किया गया समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाह विसेस अतिथि के रूप में जंडेल सिंह भदौरिया प्रेम सिंह सखवार भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संजीव शर्मा एवं अध्यक्षता नगर परिषद की अध्यक्षा पुष्पा महेश्वरी जाटव ने की इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का नगर परिषद अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पार्षदों द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने कहा गोरमी जल विहार महोत्सव एक ऐतिहासिक मेला है इसका इतिहास काफी पुराना है हम सबको मिलकर इस जल विहार महोत्सव को और अधिक बड़ा रूप कैसे दिया जाए आगे इस पर विचार करना होगा जल विहार महोत्सव में जिस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन संध्या कवि सम्मेलन धार्मिक प्रवचन आयोजित हुए इन सब कार्यक्रमों से नगर में आपसी प्रेम एवं भाईचारा बढ़ता है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर परिषद के अध्यक्ष पुष्पा महेश्वरी जाटव ने कहा जल विहार महोत्सव में नगर वासियों का एवं परिषद का एवं साथी पार्षदों का जिस प्रकार का सहयोग मिला उसके लिए सभी पार्षद एवं नगरवासी धन्यवाद के पात्र हैं इस मेले को आगे ऐसे और अधिक भव्य और दिव्य बनाया जाए हम लोग इसके लिए पूरे प्रयास करेंगे समापन कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथि गण पार्षद गण एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी जल विहार महोत्सव पर अपने अपने विचार रखें और अपने अपने सुझाव दिए कार्यक्रम के अंत में जल विहार महोत्सव का मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने वाले स्थानीय पत्रकारों का नगर परिषद द्वारा शाल एवं श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम का संचालन जगत सिंह यादव ने किया और अंत में आभार प्रकट नगर परिषद अध्यक्ष महेश्वरी जाटव ने किया समापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद भगवती थापक सुंदर सिंह यादव धर्मेंद यादव डॉक्टर संतोष तिवारी बसंत राजावत शिवराज यादव विकास थापक सुभाष यादव मोनू यादव रामसहाय सखवार डॉ मोहन सखवार हरिओम कटारे सुरेन्द्र जैन मोहन खेरा आदि उपस्थित थे

PSC एक्जाम की तैयारी में जुटे स्टूडेंट्स के लिए मौका एक्सीलेंस स्कूल में 20 सितंबर से शुरू होगी निःशुल्क कोचिंग 17 सितंबर तक पंजीयन

पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट
संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार

टीकमगढ़ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए जिला प्रशासन की ओर से अगूठी पहल शुरू की जा रही है। स्स्क्षष्ट और क्क्ष्ट की तैयारी में जुटे युवाओं को निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए शहर के एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 1 का चयन किया गया है। निशुल्क कोचिंग क्लास 20 सितंबर से शुरू होगी। जिला टीकमगढ़ कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी की पहल और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से इसकी तैयारी की गई है। इसमें सिविल सेवा की तैयारी कर रहे छात्र- छात्राओं के लिए यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लासेज 20 सितंबर को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक शुरू हो रही हैं।

12 सितंबर से शुरू होगा पंजीयन: स्क्ष्रू सीपी पटेल ने बताया कि जिला मुख्यालय पर शुरू हो रही निःशुल्क कोचिंग क्लासेज से जुड़ने के लिए पंजीयन 12 सितंबर को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक शासकीय एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 1 में शुरू हो रहा है। पंजीयन की अंतिम तिथि 17 सितंबर निर्धारित की गई है। इच्छुक छात्र छात्राएं एक्सीलेंस स्कूल पहुंचकर सुबह 8 बजे से 10 बजे तक पंजीयन करा सकते हैं।

छात्र संख्या अधिक होने पर लगेंगे 2 बैच: एसडीएम ने बताया कि पंजीयन अधिक होने पर दो बैज संचालित होंगे। इसलिए इच्छुक छात्र - छात्र छात्राएं जल्द से जल्द पंजीयन करवाना सुनिश्चित करें।

डेढ़ साल बाद नर्मदा में नहीं जाएगा एक भी बूंद गंदा पानी, महापौर का दावा

जबलपुर। नर्मदा की निर्मलता को बनाए रखने के दिशा में प्रयास शुरू हो गए हैं। अगर महापौर और निगम-अफसरों की मानें तो डेढ़ साल बाद नर्मदा में एक बूंद गंदा पानी नहीं जा पाएगा। इसके लिए मैदानी स्तर पर कार्रवाई शुरू हो चुकी है। करीब महीना भर पहले जब जगत बहादुर सिंह अन्नू ने महापौर पद की शपथ ली थी, उसी दिन उन्होंने पहली फाइल नर्मदा के शुद्धिकरण से संबंधित साइन की थी। इसके अलावा उन्होंने निगम के अफसरों से कहा था कि वो सर्वे का काम तेजी से आगे बढ़ाएं। प्राथमिक स्तर पर सर्वे का काम शुरू हो चुका है। निगम प्रशासन का कहना है कि पूर्व के समय में हुए सर्वे और अभी के ताजा सर्वे का अध्ययन कर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार होगी। निगम में मिलने वाले अधिकांश नाले गंदगी लेकर आने वाले नहीं हैं। प्रशासन की ओर से आठ ऐसे नाले चिन्हित किए गए हैं, जिनके माध्यम से अशुद्धता नर्मदा में पहुंच रही है। लेकिन इनमें से भी चार नालों को ही ट्रीटमेंट योग्य माना गया है।

दो-ढाई महीने में टेंडर

बताया जा रहा है कि इस महीने के अंत तक यह तय हो जाएगा कि नर्मदा में मिलने वाले कौन से नाले पर क्या काम होना है? इसके बाद नवंबर के अंतिम या दिसंबर के पहले सप्ताह तक मामला टेंडर प्रक्रिया की ओर बढ़ जाएगा। नए वर्ष में काम शुरू करा दिए जाने की योजना है। इस काम के पूर्ण होने की अवधि अलगे डेढ़ साल रखी गई है। इन कामों पर बहुत राशि भी खर्च नहीं होने वाली निगम के अफसरों की मानें तो यह काम अधिकतम दस करोड़ रुपये के अंदर पूरा करवा लिया जाएगा।

पहले भी हुए प्रयास

नर्मदा में करीब 150 एमएलडी गंदा पानी रोजाना प्रविष्ट हो रहा है। उसमें से 50.55 एमएलडी पानी को रोकने का इंतजाम पहले किया जा चुका है। लगभग सौ एमएलडी को रोकने के लिए काम कराया जाना है। इसमें से 40 प्रतिशत गंदा पानी नर्मदा नदी में नालों के माध्यम से पहुंच रहा है, जबकि 60 प्रतिशत परियट नदी के जरिए नर्मदा में पहुंचता है। इधर नगर निगम का दावा है कि 100 प्रतिशत गंदा पानी रोकने के लिए उसकी ओर से प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। इसके लिए सीवरेज-सिस्टम बनाया जाएगा।

ये हैं मौजूदा हालात

करीब 200 एमएलडी पानी प्रतिदिन शहर से निकलता है। इसमें 50.55 एमएलडी का ही ट्रीटमेंट हो पाता है। बाकी पानी नालों के जरिए नर्मदा में पहुंचता है। शहर के दो प्रमुख नाले हैं खंदारी और ओमती नाला। खंदारी नाला सीधे नर्मदा में मिलता है, जबकि ओमती नाला परियट नदी में मिलता है। परियट नदी आगे हिरन नदी में मिलती और हिरन नदी आगे चलकर नर्मदा में मिल जाती है।

पंडाल, विजर्सन घाटों से एकत्रित फूलों से बनेगी खाद

बांस की खपच्चियों से बनाए जाएंगे ट्री-गार्ड

भोपाल। दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन हो चुका है। शहर में सात घाटों पर गणपति की मूर्तियों का विसर्जन हुआ। गणेशोत?सव के समापन के बाद नगर निगम ने इस विसर्जन घाटों और पंडालों दस टन से अधिक फूल एकत्रित किए हैं। इस निर्माल?य सामग्री से अब निगम के पार्कों के लिए खाद बनाई जाएगी। वहीं मूर्ति विसर्जन के बाद घाटों से निकले मूर्तियों के बांस के स?ट्रक?चर को अलग कर इसकी खपच्चियों से ट्री-गार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम द्वारा गणेश स्थापना के बाद से पंडालों से फूल व अन्य निर्माल्य सामग्री एकत्रित करने के लिए चार वाहन लगाए गए थे। इसके माध्यम से करीब दस टन फूल एकत्रित किए गए हैं।

शुक्रवार और शनिवार को घाटों में गणेश विसर्जन के साथ ही नगर निगम का अमला घाटों पर मूर्तियों के ढांचे को एकत्र करने में लगा रहा। कर्मचारियों ने खटलापुरा, प्रेमपुरा, संत हिरदाराम नगर बैरागढ़, हथाईखेड़ा डैम, शाहपुरा एवं आर्च ब्रिज घाट से दो हजार से अधिक ट्री गार्ड बनाने के लिए बांस की खपच्चियां एकत्रित की हैं। पौधारोपण के दौरान इनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड नहीं खरीदने पड़ेंगे। इससे प्रति ट्री-गार्ड खरीदने में खर्च होने वाले 300 रुपये की बचत भी होगी। वहीं दस टन फूल से एम्स के पास जैविक खाद बनाई जा रही है। इसका इस्तेमाल नगर निगम के पार्कों में पौधों को बड़ा करने के लिए किया जाएगा।

राजधानी में प्रदूषण रोकने जलाशयों के किनारे से हटेगा अवैध कब्जा

भोपाल। राजधानी में बढ़ते अतिक्रमण से एक ओर जहां शहर का बेतरतीब विकास हो रहा है, वहीं जलाशयों के किनारे किए अतिक्रमण से जल प्रदूषण का खतरा बढ़ गया है। जबकि इनका उपयोग शोधन कर पीने के लिए भी किया जाता है। अब नगर निगम नदियों और तालाबों के किनारे किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए सर्वे कराने की योजना बनाई गई है। झील संरक्षण प्रकोष्ठ के संतोष गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा ऐसे अतिक्रमणों को चिंति किया गया है। जल्द ही इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। तालाब बचाओ अभियान के प्रदीप खंडेलवाल ने बताया कि बड़े तालाब के किनारे और इसके कैचमेंट एरिया में किए गए अवैध निर्माण को लेकर एनजीटी में शिकायत की गई थी। एनजीटी के निर्देश के बाद निगम ने तय मापदंड के अनुसार जलाशयों के किनारे किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने के निर्देश दिए हैं। मसलन बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया के अतिक्रमण अलग से चिन्हित होंगे, वहीं इसके बाहर तय हद यानी 20 मीटर के एरिया में हुए निर्माण भी तोड़े जाने है। इसी को देखते हुए निगम अभी सर्वे की तैयारी कर रहा है। खंडेलवाल ने बताया कि छोटे-बड़े तालाब सहित अन्य स्थलों पर करीब एक हजार से अधिक अतिक्रमण हैं। वहीं निगम ने नवाब सिद्दीक हसन खां तालाब, लैंडिया तालाब, शाहपुरा तालाब और मोतिया तालाब को अतिक्रमण से बचाने के लिए इसकी हदबंदी कर दी है। साथ ही इसके किनारे बसे लोगों पर सख्ती कर इसे बचाने का प्रयास किया है।

अम्बाह गुण्डे मवालियो के होसले पस्त वारदात करने की नीयत से घूम रहे आरोपी को मय कट्टा व कारतूस किया गया गिरफ्तार...

केशब पंडित जी अम्बाह...

अम्बाह..मुरैना एसपी आशुतौष बागरी के फरमान से कोई कितना ही बडा आदमी क्यो न हो अगर अगर अपराध की नियत से घूम रहा हो तो कतई बक्सा न जाये इसी तारतम्य में आज दिनांक 11/09/2022 को मुखविर की सूचना मिली कि शासकीय स्कूल के पास,ग्राम सेथरा बाडर्ड में एक ब्यक्ति अवैध कट्टा लिये वारदात करने की नियत से घूम रहा है आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का अवैध देशी कट्टा व 01 दो जिन्दा राउण्ड जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एवं आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध क्रं. 609/22 पंजीबद्ध किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में अम्बाह थाना प्रभारी जितेन्द्र नगाईच, एसआई विवेक तोमर, प्र.आर.महेश शर्मा, प्रआर बसंत साहू, आर.सतेन्द्र सिह आर जोगेन्द्र सिह एवं आर योगेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही

ग्वालियर के विकास, उन्नति और प्रगति के लिये निरंतर कार्य करते रहेंगे :सिंधिया

लखेश्वरी माता मंदिर रोड़ पर बेहतर विद्युत व्यवस्था के लिये शीघ्र कार्य होगा :शेजवलकर

लखेश्वरी माता मंदिर परिसर में दो महत्वपूर्ण सड़कों का हुआ भूमिपूजन

ग्वालियर । केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि ग्वालियर के विकास, उन्नति और प्रगति के लिये जीवन भर कार्य करता रहूँगा। केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के माध्यम से विकास की अनेक परियोजनाओं पर ग्वालियर में तेजी से कार्य किया जा रहा है। आने वाले दिनों में ग्वालियर की तस्वीर बदली-बदली नजर आयेगी। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने यह बात भितरवार क्षेत्र के लखेश्वरी माता मंदिर पर दो महत्वपूर्ण सड़कों के भूमिपूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने की।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि इन दो सड़कों के निर्माण से भितरवार क्षेत्र के अनेक गाँवों को आवागमन की बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। यह दोनों ही सड़कें सीमेंट कंक्रीट की सड़कें होने से लम्बे समय तक खराब नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि भितरवार एवं डबरा क्षेत्र में विकास के अनेक कार्य किए जा रहे हैं। यहाँ कि किसानों के लिये सिंधिया परिवार द्वारा निर्मित हरसी डैम से आज भी किसानों को अनाज उत्पादन में सहयोग मिल रहा है। मोहना क्षेत्र के किसानों के लिये भी सिंचाई हेतु पानी मिले, इसके सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि विकास निरंतर प्रक्रिया है। जिस पर केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार संयुक्त रूप से सार्थक प्रयास कर रही है। ग्वालियर के विकास के लिये अनेक बड़ी परियोजनायें मंजूर हुई हैं। जिनमें रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार, नए हवाई अड्डे का निर्माण, एक हजार बिस्तर अस्पताल का निर्माण, एलीवेटेड रोड़ एवं अन्य महत्वपूर्ण परियोजनायें शामिल हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि ग्वालियर में पिछले कई वर्षों से किए गए विकास कार्यों से ग्वालियर की तस्वीर बदली है। ग्वालियर जिले में सड़कों का जाल बिछाया गया है। इसके साथ ही स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी अनेक कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि लखेश्वरी माता मंदिर रोड़ पर स्ट्रीट लाईट की समस्या के निदान हेतु सांसद निधि से 30 लाख रूपए की राशि भी मंजूर की गई है। जिसका कार्य शीघ्र ही पूर्ण होगा और मंदिर पर आने वाले श्रृद्धालुओं को बेहतर स्ट्रीट लाईट की सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम के प्रारंभ में लघु उद्योग निगम की अध्यक्ष श्रीमती इमरती देवी ने कहा कि सिंधिया परिवार द्वारा ग्वालियर के विकास में अनेक कार्य किए गए हैं। मध्यप्रदेश की स्थापना से पूर्व ही सिंधिया परिवार द्वारा सीवर, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो कार्य किए गए हैं उसका लाभ आज भी जनता को मिल रहा है। भितरवार एवं डबरा क्षेत्र में भी केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ विकास की अनेक परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई है, जिस पर कार्य तेजी से किया जा रहा है।

ग्वालियर अल्प प्रवास पर आए केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री

बोले-भारत में विलुप्त हो चुके चीता परिवार को फिर स्थापित करना बड़ा कदम



ग्वालियर । केन्द्र सरकार में केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव रविवार को गतिमान एक्सप्रेस से ग्वालियर पहुंचे हैं। वह ग्वालियर से श्योपुर निकल गए हैं, लेकिन उससे पहले स्टेशन पर उन्होंने बातचीत करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चंबल आगमन हुआ है। चंबल सबको शरण देने वाला है। वहीं पर्यावरण के लिए पीएम द्वारा किए जा रहे कार्यो के प्रति आभार जताते हुए कहा भारत में चीता विलुप्त हो रहा था। इसके पुनर्स्थापना के प्रयास किये जा रहे हैं। पालपुर कूनो मे बेहतरीन प्रबंधन किया गया है। इसमें इकोलॉजिकल सिस्टम में सुधार पर्यटन का विकास तो होगा ही साथ ही भारत की अनुकूल छवि बनेगी। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

जल्द साउथ अफ्रीका से भी आएंगे चीते

केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने बताया कि अभी नामीबिया से 8 चीते श्योपुर के कूनो में लाए जा रहे हैं। इनको 17 सितंबर को प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन पर कूनो में लाया जाएगा। यह एतिहासिक दिन होगा। अभी नामीबिया से 8 चीते लाए जा रहे हैं, लेकिन भविष्य में जल्द नामीबिया और साउथ अफ्रीका से 25 से ज्यादा चीते और लाए जाएंगे।

केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र तोमर बोले-यूरिया और डीएपी की कोई कमी नहीं

ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव का स्वागत करने पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने यूरिया घोटाले के आरोपों पर कहा है कि यूरिया और डीएपी की कोई कमी देश में नहीं है। मोदी सरकार ने पर्याप्त मात्रा में सबसिडी देकर पर्याप्त फर्टिलाइजर उपलब्ध कराने की कोशिश की है। जो लोग काला बाजारी करेंगे राज्य सरकारो को उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। वहीं पोषण आहार घोटाला मामले में कमल नाथ के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से इस्तीफा मांगने के सवाल पर केंद्रीय मंत्री तोमर ने कहा कि मैं समझता हूं कोई भी विषय सामने आता है और इंक्वारी होती है तो उसमें दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता है। इसके साथ ही राहुल गांधी से पादरी की मुलाकात में यीशु को वास्तविक भगवान बताने के मामले में नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि राहुल गांधी पर टिप्पणी करना समय बर्बाद करने जैसा है। राहुल गांधी अपनी पार्टी को ही नहीं जोड़ पा रहे हैं। जबरदस्ती देश को जोड़ने का मुखौटा लगाकर परिवार को बचाने कि कोशिश कर रहे हैं।

विवाद की एक सीमा होती है और तर्क का कोई अन्त नहीं होता : न्यायाधिपति आर्या

ग्वालियर । लड़ने और विवाद की एक सीमा होती है पर तर्क का कोई अन्त नहीं होता। विवाद एक स्तर पर आकर खत्म हो जाता है। विवादों को समाप्त कराने में मध्यस्थ की अहम भूमिका होती है। यह बात उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर के प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री रोहित आर्या ने उच्च न्यायालय खण्डपीठ में शनिवार को आयोजित हुई मीडिएशन रिफ्रेसर कार्यशाला में कही । न्यायमूर्ति श्री आर्या ने बताया कि हमारे देश में अलग अलग मनोवृत्ति के लोग रहते हैं,जो अक्सर भावुक होकर निर्णय ले लेते है। कई बार ऐसे भावुकतापूर्ण निर्णय विवाद का कारण बनते हैं। ऐसे में जब विवाद को मध्यस्थता के लिए भेजा जाता है, उस समय मध्यस्थ को पक्षकारों की मानसिकता, परिस्थितियां एवं उसका वातावरण समझना बहुत जरूरी होता है, जो सुलह समझाइश के आधार पर विवाद के निपटारा में बहुत सहायक सिद्ध होता है।

कार्यशाला में प्रशासनिक न्यायाधिपति जस्टिस श्री रोहित आर्या, मीडिएशन सब-कमेटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री आनंद पाठक, न्यायमूर्ति श्री जी.एस. अहलूवालिया, न्यायमूर्ति श्री दीपक कुमार अग्रवाल , पोटेंशियल ट्रेनर श्री शाहिद मोहम्मद एवं अधिवक्ता गण श्री एच.के. शुक्ला , श्री संजय द्विवेदी , श्री योगेन्द्र तोमर , श्री पदम सिंह , श्री जयप्रकाश शर्मा , श्री सुरेष कुमार चतुर्वेदी , श्री रामप्रकाश राठी , श्री एस.के. शर्मा , श्री डी.पी.एस. भदौरिया , श्री विनय कुमार शर्मा , श्री जागेश्वर सिंह , श्री ओ.पी. नायक , श्री अमर सिंह तोमर , श्री रिंकेश गोयल , श्रीमती संगीता जोशी, श्री अवधेष श्रीवास्तव रिटा. जज, श्रीमती सुशीला सिंह, श्री प्रदीप प्रताप सिंह , सचिव एवं प्रिंसिपल रजिस्ट्रार श्री डी.एन. मिश्र एवं रजिस्ट्रार श्री हितेन्द्र द्विवेदी कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदन एवं माल्यार्पण के बाद कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ।

संवेदनाओं को समझे

जस्टिस श्री आनंद पाठक ने बताया कि वैकल्पिक विवाद समाधान में मीडिएशन मेडिटेशन का कार्य करता है, और हमने भावनाओं के माध्यम से तर्क करना सीखा हैं। उन्होंने एक घटना के माध्यम से मनुष्य के भावुक होने का उदाहरण दिया जिसमें एक पुल से कई लोगों के कूदकर जान देने की बात बताई तथा एक व्यक्ति ने यह घोषणा की कि यदि कोई मुझे हैलो बोलेगा तो में आत्महत्या नहीं करूंगा। किन्तु उसका यह संकल्प पूरा नहीं हो पाया और उसने उस पुल से कूदकर आत्महत्या कर ली। सार यह बताया कि उसे कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं मिला जो उसकी संवेदनाओं को समझ सके। मध्यस्थ को विवादों के निपटारे के लिये संवेदनशील होना बहुत आवश्यक है । यदि मध्यस्थ संवेदनशील होंगे तो समाज के नागरिकों की ''लाईफ'', ''फाईल'' में बदलने से बच जायेगी।

पंजाबी सेवा समितिः नेत्र एवं मोतियाबिंद परीक्षण शिविर 18 को

ग्वालियर । ग्वालियर पंजाबी सेवा समिति (झंग बिरादरी) द्वारा व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं रतन ज्योति नेत्रालय के सहयोग से 18 सितंबर रविवार को एक विशाल नेत्र एवं मोतियाबिंद परीक्षण शिविर का आयोजन हरिहर मंदिर आदर्श कॉलोनी मैं प्रातः 10-00 बजे से दोपहर 1-00 बजे तकहोगा । इस कार्यक्रम की जानकारी समिति के अध्यक्ष मोहनलाल अरोरा ,सचिव अजय बत्रा ,संयुक्त अध्यक्ष सत्यपाल बत्रा, एवं कोषाध्यक्ष अश्विनी जुनेजा ने दी। साथ ही इस कार्यक्रम के संयोजकअजय सपरा एवं गजेंद्र अरोरा को बनाया गया है। यह शिविर समिति के कर्मठ लगन शील प्रवीण नागपाल की माता जी स्वर्गीय श्रीमती कांता नागपाल की स्मृति में नेत्र शिविर लगाया जा रहा है। परीक्षण उपरांत चयनित मरीजों का मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन (बिना टीका पद्धति द्वारा)रतन ज्योति नेत्रालय में निशुल्क किया जाएगा। कार्यक्रम की संयुक्त बैठक में समिति के डॉक्टर नंदलाल बत्रा हरिओम नागपाल , जेंद पाल खुराना, तिलक राज बेरी, महेश बत्रा ,नरेश मदान, नरेश तलुजा, नरेंद्र बत्रा, भरत कथूरिया, आशीष मदान देवकीनंदन अरोरा , जगन्नाथ पाहवा,अशोक सुनेजा ,रवि अनेजा , मनोज जुनेजा ,दिलीप गुगनानी ,राकेश अरोरा ,कमल मिगलानी ,श्याम सचदेवा , मिरजोश गुलाटी , कश्मीरी लाल खुराना मनोज भटियानी , परवीन घई ,सुरेंद्र जुनेजा ,अमित बत्रा, अनिल अनेजा,अनिल नागपाल, शैलेंद्र नारंग,राजू बत्रा, गिरजेश पाहवा, राजकुमार अरोड़ा, राजू बड़जात्या, नरेश अरोरा, भारत भूषण अरोरा एवं मीडिया प्रभारी राजू पंडित उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान अल्प प्रवास पर ग्वालियर आए

श्योपुर जिले के कूनो-पालपुर अभ्यारण्य पहुँचकर प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों का लिया जायजा

ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को अल्प प्रवास (ट्रॉजिट विजिट) पर ग्वालियर आए। मुख्यमंत्री श्री चौहान दोपहर लगभग 12 बजे राजकीय विमान द्वारा यहाँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान यहाँ से केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर तथा केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव के साथ हैलीकॉप्टर द्वारा श्योपुर जिले के कराहल एवं कूनो-पालपुर अभ्यारण्य के लिये रवाना हुए। उनके साथ केन्द्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी भ्रमण पर गए।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में 17 सितम्बर को श्योपुर जिले के विकासखण्ड मुख्यालय कराहल और कूनो-पालपुर अभ्यारण्य में आयोजित होने जा रहे कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान अपरान्ह लगभग 3.30 बजे वापस ग्वालियर लौटे और विमान द्वारा इंदौर के लिये प्रस्थान किया। केन्द्रीय मंत्री द्वय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर व श्री भूपेन्द्र यादव तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री वी डी शर्मा भी उनके साथ वापस ग्वालियर आए। ज्ञात हो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 17 सितम्बर को कूनो-पालपुर अभ्यारण्य को अफ्रीका के नामीबिया से आ रहे चीते सौंपेंगे। साथ ही कराहल में आयोजित महिला स्व-सहायता समूहों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। विमानतल मुख्यमंत्री श्री चौहान के स्वागत के लिए पूर्व मंत्री श्री अनूप मिश्रा, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजनी, नगर निगम के सभापति श्री मनोज तोमर तथा सर्वश्री महेन्द्र यादव, हरीश मेवाफरोश, विनोद शर्मा, राजू सेंगर, कप्तान सिंह सहसारी व दिनेश दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण पहुँचे थे।

संक्षिप्त समाचार

दो युवकों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

ग्वालियर । शहर की अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रहने वाले दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जनक गंज थाना क्षेत्र के टोपीवाला मोहल्ला निवासी बंटी प्रजापति बीती शाम शराब पीकर घर आया और खाना खाकर कमरे में चला गया। सुबह परिजनों से कमरे में देखने गए तो वह गायब मिला ।कुछ समय बाद पता चला कि कमानी पुल के पास एक युवक का शव पेड़ से लटका है ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ रही और मृतक के शव को कब्जे में लिया मृतक की शिनाख्त बंटी प्रजापति के रूप में हुई ।पुलिस ने मृतक का शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप कर जांच शुरू कर दी है ।वही पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के निवासी विश्वास प्रजापति ने अपनी टीम को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पहली पत्नी के रहते की दूसरी शादी मारपीट कर घर से निकाला

ग्वालियर ।बिजली घर के एक अधिकारी ने पहली पत्नी के रहते हुए दूसरी युवती से शादी कर ली ।जब दूसरी पत्नी को पता चला तो उसने विरोध किया। इस पर पति ने उसे बंधक बना लिया ।सास ससुर से शिकायत करने पर उन्होंने युवती की मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महाराजपुरा थाना क्षेत्र के सागर ताल सरकारी मल्टी निवासी 26 साल की युवती ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई है कि उसका विवाह मंदसौर निवासी बिजली घर के अधिकारी जितेंद्र के साथ हुआ था। शादी के 15 दिन बाद उसे मालूम चला कि जितेंद्र पहले से शादीशुदा है और उसकी मोनिका गौतम से शादी हो चुकी है। इनके बीच तलाक का मामला चल रहा है ।दूसरी पत्नी ने जब इसका विरोध किया तो पति ने उसके साथ मारपीट कर उसे बंधक बना लिया और नशा कर उसके साथ कुकर्म करता रहा ।महिला ने जब अपने सास-ससुर से इसकी शिकायत की तो उन्होंने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज

ग्वालियर । शहर कि हजीरा थाना क्षेत्र में स्थित चार शहर का नाका इलाके में पिछले दिनों एक महिला की छत से गिरकर हुई मौत के मामले में पुलिस ने जांच के बाद मृतका के पति सास ससुर और देवर के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है ।जानकारी के अनुसार भिंड जिले के उमरी निवासी सीमा पुत्री अनिरुद्ध भदौरिया का विवाह हजीरा थाना क्षेत्र के चार शहर का नाका निवासी अंकित तोमर के साथ हुआ था ।शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वाले उसे मायके से 2 लाख और बाइक लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे ।जब सीमा ने मायके से रकम और बाइक लाने से मना किया तो परिजनों ने उसके साथ मारपीट की इसी बीच में छत से गिर गई और उसकी मौत हो गई ।मायके वालों ने ससुराल वालों पर छत से फेकने का आरोप लगाया था ।पुलिस ने जांच की तो शिकायत सही पाई और मृतका के पति अनिरुद्ध सास सुनीता ससुर श्रीनिवास प्रसाद देवर आशु के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन के 129 वर्ष पूर्ण होने पर

सफाई कर्मियों का सम्मान

ग्वालियर । स्वामी विवेकानंद सेवा समिति द्वारा 11 सितंबर 1893 को स्वामी विवेकानंद जी ने अमेरिका शहर के शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में भारत का डंका बजाया था सब ने उनके भाषण की सराहना की थी उनका भाषण एक पवित्र ग्रंथ की तरह था जब वो विश्व सम्मेलन में शामिल होने को आए बहुत सारे देश के धर्म युद्ध उनको देखकर हंसने लगे उनका उपहास उड़ाने लगे कि एक नया युवा लड़का जो भगवा वस्त्र पहने हुए हैं ,यह क्या बोलेगा लेकिन स्वामी विवेकानंद जी के पास पूरे भारतवर्ष का आशीर्वाद था सारे वेद पुराण ग्रंथों का आशीर्वाद था जब सारे धर्म योद्धा बोल चुके थे जब स्वामी विवेकानंद जी की बोलने की बारी आई तो उन्होंने 5 शब्द बोले वह आज भी 5 शब्द अमर हो गए जैसे वह बोलने को खड़े हुए उन्होंने बोला हेलो सिस्टर एंड ब्रदर्स ऑफ अमेरिका इतना ही बोलना था किस सम्मेलन में बैठे सारे धर्म योद्धाओं ने खड़े होकर 2 मिनट तक ताली बजाकर उनका अभिवादन किया और स्वामी विवेकानंद जी की जय जयकार के नारे लगने लगे आज भी शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन की चर्चाएं होती हैं आज भी स्वामी विवेकानंद जी द्वारा दिया गया भाषण आज भी अमर है स्वामी विवेकानंद सेवा समिति के संस्थापक नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि हर वर्ष शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन के उपलक्ष में समिति द्वारा कार्यक्रम किया जाता है आज समिति द्वारा सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया उनको माला पहनाई गई और उनको उपहार भेंट किए गए इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद सेवा समिति के संस्थापक नूतन श्रीवास्तव श्रीमती सरोज पवैया श्रीमती वर्षा सुमन श्रीमती रेखा शुक्ला जिला जनपद सदस्य दारा सिंह भाई अर्जुन जाटव सेहत समिति के अधिकतर लोग मौजूद थे।

48 दिवसीय भक्तामर विधान का समापन कल

पर्यूषण पर मुनिश्री ने 3 दिन रखा व्रत, 72 घंटे बाद कराया गुरुभक्तों ने महापारण

ग्वालियर । साधनामय पावन वर्षायोग समिति, पुलक मंच परिवार व मुख्य संयोजक मनोज जैन कॉलेज की ओर माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल आशियाना भवन में चातुर्मास कर रहे श्रमण मुनिश्री 108 विनय सागर महाराज ने पर्यूषण महापर्व पर लगातार 3 दिवसीय सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चारित्र का संयम व्रत रखा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478